तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 11 अगस्त, 2025

10 युक्तियुक्तकरण आदेश का पालन नहीं 261 गैरहाजिर शिक्षकों की सर्विस ब्रेक

11 मोर तिरंगा मोर अभियान सफल बनाने कार्यकर्ताओं को दी जवाबदारी




### पारिवारिक विवाद के चलते दिया वारदात को अंजाम

# छोटे ने बड़े भाई की टंगिया मारकर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक युवक ने अपने सगे बड़े भाई की टंगिया से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि डबरापारा भिलाई तीन निवासी शरद कुमार ठाकुर (आरोपी) और डामन सिंह ठाकुर (मृतक) के बीच पारिवारिक विवाद के चलते झगड़ा था। बीते शुक्रवार शनिवार रात दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। देर रात 11:30 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। गुस्से में आकर शरद ने घर में रखी टंगिया को लाया और डामन सिंह ठाकुर की गर्दन में वार कर दिया। गर्दन कट जाने से काफी खून निकला और उससे डामन की मौत हो गई। आरोपी शरद ने अपने बड़े भाई डामन के ऊपर टंगिया से कई वार किया, जिससे गले सहित उसके पीठ और गाल में भी चोट आई।

उसे अस्पताल तक नहीं पहुंचाया गया और वो खून से लतपथ हालत में उसी तरह रात भर घर पर पड़ा रहा। जिस समय घटना हुई उस समय घर व आस पड़ोस के लोग सोये थे। उन्होंने दोनों के बीच शोर सुनकर इसलिए मामले को अनसुना कर दिया, क्योंकि वो लोग रोज झगड़ा करते थे तो उन्होंने सोचा कि वो लोग रोज की तरह फिर से आपस में विवाद कर रहे हैं। रविवार सुबह डामन सिंह ठाकुर घर पर मृत पड़ा मिला। मोहल्ले के लोगों ने 108 को फोन कर एम्बुलेंस मंगाया। डामन की मौसी मां संतोषी उसे शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर गई, वहां से उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डमन की मौत हो गई।




मृतक


आरोपी

### तड़प तड़प कर तोड़ा दम

शरद ठाकुर अपने बड़े भाई डामन पर जानलेवा हमला किया और जब घायल होकर गिर गया तो उसे अस्पताल तक नहीं पहुंचा। उसे खून से लतपथ हालत में वहीं पड़ा रहने दिया। डामन रात भर घर में पड़ा तड़पता रहा। जब अगले दिन उसे अस्पताल पहुंचाया गया तब तक काफी देर हो गई थी। उसने दम तोड़ दिया।

### आरोपी ने पुलिस को किया गुमराह

पुरानी भिलाई पुलिस ने जब आरोपी शरद को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो वो पुलिस को गुमराह करने लगा। उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति रात में आकर उसके भाई के ऊपर हमला किया है। पुलिस ने जब शरद से कड़ाई से पूछताछ की तो वो टूट गया और भाई की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वो भाई से रुपए मांग रहा था, जब वो देने से मना कर दिया तो उसने गुस्से में आकर उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया।

### माता पिता की पहले ही हो चुकी है मौत

पुलिस ने बताया कि मृतक डामन सिंह ठाकर रायपुर में काम करता था। आरोपी शरद ठाकुर कुछ काम नहीं करता था। माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। शरद अपना खर्चा चलाने के लिए भाईयों से रकम लिया करता था। घटना की रात भी शरद डामन से रुपए मांग रहा था। लगातार रुपए की डिमांड के चलते उसने रुपए देने से साफ मना कर दिया। इसी के चलते शरद ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी।

### तीन हत्याओं में पुलिस के हाथ खाली

अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में दादी और पोती हत्याकांड, नंदिनी जली हालत में मिली लाश और भिलाई तीन में हुए सफाई कर्मी की हत्याकांड का आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। तीनों घटना पूरी तरह से ब्लाइंड है। इसे लेकर पुलिस टीम बनाकर जांच भी किया लेकिन पुलिस के हाथ खाली है। इसके अलावा दादी पोती हत्याकांड में नार्को टेस्ट के बाद भी कुछ खास पुलिस नहीं कर पाई है। अंजोरा और नंदिनी हत्याकांड को साल भर से अधिक समय बीत गया लेकिन हत्या के आरोपी आज भी फरार है। पुलिस का मुखबिर तंत्र पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है।

### गिरफ्तार किया गया

शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उसके जुर्म कबूल करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। आगे की जांच जारी है।

- हरिश पाटिल, सीएसपी छावनी

# कांग्रेसी पार्षद के भाई ने घर में घुसकर की छेड़खानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



युवती के साथ घर में जबरन घुसकर छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि युवती के साथ छेड़खानी करने के मामले में कैम्प 2 निवासी मो. जफर को गिरफ्तार किया है। आरोपी जफर कांग्रेसी पार्षद इंजीनियर सलमान का भाई है। युवती की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आते हुए आरोपी मो. जफर को पकड़ा है। लेकिन छावनी पुलिस उसके नाम तक को बताने में मीडिया से परहेज कर रही है। युवती ने पुलिस में शिकायत की है कि मो. जफर जबरन उसके मकान में प्रवेश किया था। जबकि आरोपी शादीशुदा होने के बाद छेड़खानी कर रहा था।इस मामले को लेकर छावनी पुलिस आरोपी को मीडिया से बचाने का प्रयास देर रात तक करती दिखी बल्कि यह कहा गया कि छेड़खानी मामले में आरोपी का डिटेल नहीं बताया जाता है। छावनी पुलिस आरोपी के पक्ष में काम करती दिख रही है। आरोप है कि एक सट्टे के मामले में जफर को पुलिस ने दौडाया भी था। फिलहाल मामले में छावनी पुलिस जांच में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि छेड़खानी के मामले शहर में लगातार हो रहे है। पुलिस इसे लेकर जिले में जागरूकता अभियान भी चला रही है।

### खास बातें

- छावनी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना
- पकड़ा गया आरोपी
- पुलिस नाम बताने से भी कतराती रही

### पुलिस पर दबाव बनाने पहुंचे छुटभैय्या नेता

आरोपी मो. जफर को बचाने छावनी पुलिस थाने में कई छुटभैय्या नेता भी पहुंचे थे। मगर छावनी पुलिस आरोपी की तरफदारी करते दिखी। इस तरह छावनी पुलिस की आरोपी के प्रति प्रेम समझ से परे है। छेड़खानी के मामले में पुलिस पूरी तरह से आरोपी की मदद करने में जुटी हुई है। जबकि आरोपी की जानकारी देने में छावनी पुलिस पूरी तरह मीडिया से छिपाती रही।

# आत्महत्या के लिए उकसाया आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यू पुलिस लाईन दुर्ग निवासी मृतक सुरेन्द्र साहू 40 वर्ष हरिश मिश्रा राशन दुकान वाले से 10 लाख रुपये उधार लिया था। जिसे मृतक सुरेन्द्र साहू के द्वारा पूरे पैसे वापस कर दिया था आरोपी क्वा. नं. 18 बी, सड़क एवेन्यू सी सेक्टर 1 निवासी हरिश कुमार मिश्रा द्वारा मूलधन व ब्याज के पैसो को लेकर मृतक से लगाताररुपए का डिमांग मोबाईल से कर प्रताड़ित करता था। घटना दिनांक को भी आरोपी अपने मोबाईल से मृतक सुरेन्द्र को फोन कर प्रताड़ित किया। जिसकी प्रताड़ना से तंग आकर सुरेन्द्र ने आत्महत्या किया। पुलिस ने पहले मर्ग कायम कर जांच में लिया। पद्मनाभपुर पुलिस उनकी टीम के द्वारा आरोपी का खोजबीन किया गया। पुलिस ने आरोपी हरिश मिश्रा को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी हरिश मिश्रा ने पुलिस को बताया कि ब्याज रकम की अवैध उगाही के मामले में भठ्ठी में धारा 384 कर्जा एक्ट की धारा 4 के मामलो में भी पहले गिरफ्तार हो चुका है। 2 अन्य मारपीट के मामलो में भी 1998 तथा 2007 में भी हरिश गिरफ्तार हो चुका है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
24x7 EMERGENCY SERVICES
अंचल के प्रथम एवं एकमात्र
मधुमेह (डायबिटीज) थायरॉइड एवं हार्मोन के
सुपर स्पेशलिस्ट (DM)

डॉ. रजत देब
कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट
(वयस्क एवं बाल चिकित्सक)
डीएम एंडोक्राइनोलॉजी (कोलकाता)
एमडी मेडिसिन, एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट)
: अनुभव :
नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज, कोलकाता
महात्मा गांधी अस्पताल, इंदौर
Deepak Advertisers
रोग/लक्षण के लिए संपर्क करें
हाई कोलेस्ट्रॉल • मोटापा • इंसुलिन से संबंधित जानकारी
बच्चों में छोटा कद • पीसीओडी • कमज़ोर हड्डियाँ • पुरुषों में स्तन वृद्धि
सेक्सुअल डिसफंक्शन • महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल
Tieup with Indian Railway, SAIL Retiree Health Scheme (MD india), CG State Power Companies Health Scheme (Vidal), NTPC, NSPCL, NMDC, Coal India, FCI, HCL, BEML and all Insurance Companies for Cashless Treatment.
अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें : 0788 4252222, 62691 62691

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
MAINTAINING THE LEGACY FOR DECADES
EXCELLENCE KI GUARANTEE
Only Engineering College in Chhattisgarh offering
BBA-BCA
Affiliated with Technical University (CSVTU)
Approved by AICTE
Highlights of the program
AC CLASS ROOMS
• Advanced Curriculum
• Guidance from Industry Mentors
• Paid Internship
• Club Activities
• Activity Based Learning
• Skill Enhancement Program
• Add on Certification (Recognized in the Global Market)

Collaborative Tie-Ups
50+ MOUs with Reputed Organizations
1 Lac+ Books in the Library, Digital Library Access
120+ Labs in various Disciplines
25 Yrs+ Legacy in Education
25K Alumni in All Parts of the world
RANKING & ACCREDITATIONS
#1 RANK In University Result | 25,000+ Alumni | 12 LAKH Highest CTC | TOP Placement in All Streams
QR CODE
SCAN QR CODE TO KNOW MORE ABOUT SRGI
REACH US AT
Call- 9229-111-555, 9229-111-666
Rungta Knowledge City, Kohka, Kurud Road, Bhilai (Chhattisgarh)
/rungtacolleges.com /rungtacolleges

## खबर संक्षेप



### बायोगैस संयंत्र के संबंध में विभागों से मंगाए अभिमत

दुर्ग। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसी अनुक्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भूमि आबंटन के संबंध में अधिकारियों के साथ राय शुमारी की गई। जिले के नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड-क्र. 22 कुरूद बस्ती अंतर्गत शासकीय भूमि में सीबीजी परियोजना अंतर्गत बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में वन, राजस्व, कृषि, पर्यावरण एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों से विभागीय अभिमत आमंत्रित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने साथ ही अधिकारियों को शीघ्र अभिमत प्रस्तुत करने निर्देशित किया। बैठक में वन मंडलाधिकारी दिपेश कपिल, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत सहित कृषि, पर्यावरण संरक्षण मंडल और उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास के लिए 66.78 लाख स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार विख पाटन अंतर्गत 21 अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए 66.78 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं. पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर मनेगा 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में (प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त) किया जा रहा है, जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियों के संचालन करने के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## गतिविधियों के संचालन करने हेतु क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त

### संस्कृति विभाग के निर्देशों पर करेंगे कार्य



पंचायत क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग को, नगर पालिका निगम क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम (सर्व) जिला दुर्ग को, नगर पालिका परिषद् क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् (सर्व) जिला दुर्ग को तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत (सर्व) जिला दुर्ग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी कार्यालयों, विभागीय गतिविधियों के संचालन के लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख (सर्व) जिला दुर्ग प्रभारी अधिकारी होंगे। सभी नियुक्त नोडल अधिकारियों को संस्कृति विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### किया जाएगा प्रोत्साहित

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार की वेबसाइट्स और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता का निर्माण करने तथा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग आयोजित कार्यक्रम को वेबसाइट के माध्यम से लिंक किया जाएगा।

### कार्यक्रम को सफल बनाने प्रचार-प्रसार के निर्देश

शासन स्तर पर मॉनिटरिंग कर ग्राम सरपंचों एवं नगरीय निकाय के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित किया जाना है। इसके लिए स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगा के निर्माण एवं ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में तिरंगा के वितरण, बिक्री केन्द्र के रूप में पोस्ट ऑफिस, उचित मूल्य की दुकान का नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। टोल नाका, चेक पोस्ट आदि में पैम्पलेट-स्टीकर वितरण किये जाएंगे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित गतिविधियों जैसे समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन एवं तिरंगा फहराना एवं पैम्पलेट, बैनर, स्टैण्डिज आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## कार्रवाई : जिला शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित कार्यदिवस की जानकारी राज्य को भेजी

# युक्तियुक्तकरण आदेश का पालन नहीं 261 गैरहाजिर शिक्षकों की सर्विस ब्रेक

देवीलाल साहू ⏭ दुर्ग

### जिन स्कूलों में शिक्षकों को भेजा गया था वहां डेढ़ महीने से हैं अनुपस्थित

हरिभूमि ब्रेकिंग

युक्तियुक्तकरण आदेश नहीं मानने वाले 261 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक हो गया है। दरअसल इन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के बाद जिस स्कूल में उन्हे भेजा था वे ज्वाइन नहीं किए। यानी ये शिक्षक स्कूल से अनुपस्थित हैं। ऐसे शिक्षकों की सुनवाई भी चल रही है लेकिन नियम के हिसाब से यह सर्विस ब्रेक हो गया है। जिला शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित कार्य दिवस की जानकारी राज्य को भेज दिया है।



### इधर डेढ़ महीने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

युक्तियुक्तकरण के बाद सरकारी स्कूलों में पढ़ाई बेहद प्रभावित है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद से शिक्षकों ने ज्वाइनिंग ही नहीं लिया। जिसकी वजह से प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षक अपने विभाग का आदेश मानने के लिए तैयार नहीं है और राज्य ने ऐसी व्यवस्था दे दी है कि प्रभावित शिक्षक इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण प्रभावित शिक्षकों की सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं की है। इसलिए शिक्षक जिला से संभाग और संभाग से राज्य स्तर पर आवेदन लगा रहे हैं।

### दुर्ग जिले में 161 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक

दुर्ग जिले में 161 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक हो गया है। इन शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के तहत आदेश हुआ था। दुर्ग जिले में इन शिक्षकों के विषयों के पद रिक्त नहीं होने की वजह से ये अतिशेष के दायरे में रहे हैं। इसलिए इन शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के बाद इन शिक्षकों ने रिक्त पदों का चयन किया। जिसके आधार पर जिला शिक्षा विभाग ने चयनित स्कूलों में पदस्थापना के लिए आदेश जारी किया। आदेश के बाद ये शिक्षक हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने शिक्षकों की सुनवाई कोर्ट में न करके कलेक्टर को सुनवाई करने के लिए आदेशित किया। जिला शिक्षा विभाग ने 161 शिक्षकों की सुनवाई की है।

### दुर्ग संभाग में 200 शिक्षकों की सर्विस ब्रेक

जिन शिक्षकों की सुनवाई जिला स्तर पर की गई और सुनवाई से संतुष्ट नहीं हुए उन्होने संयुक्त संचालक दुर्ग शिक्षा संभाग में आवेदन लगाया है। दुर्ग संभाग में 200 शिक्षकों की सुनवाई चल रही है। इन शिक्षकों का सर्विस ब्रेक माना जाएगा। इनमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और कबीरधाम जिले के शिक्षक शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक 150 शिक्षकों की सुनवाई संभागायुक्त द्वारा पूरी कर ली गई है। 50 शिक्षकों की सुनवाई बाकी है। ये शिक्षक भी भेजे गए स्कूल में नहीं पढ़ा रहे हैं। जिसकी वजह से इनकी सर्विस ब्रेक की स्थिति है। संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा इनकी सूची राज्य को भेजी जानी है।

### सुनवाई के दौरान 14 शिक्षकों का आवेदन मान्य

जिला शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर कक्ष में अपर कलेक्टर की मौजूदगी में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रकरणों की सुनवाई की गई है। जिसमें से 14 शिक्षकों का आवेदन मान्य भी कर लिया गया है। यानी इन शिक्षकों को अतिशेष बताकर उस स्कूल से बाहर करना गलत था। इतने शिक्षकों के आवेदन मान्य होने से और शिक्षकों की उम्मीदें जगी है। इसलिए जिला स्तर पर आवेदन अमान्य होने के बाद ये संभाग स्तर पर सुनवाई के लिए आवेदन लगा रहे हैं। संभाग स्तर पर फेल होने की स्थिति में राज्य स्तर पर भी सुनवाई के रास्ते खोले गए हैं।

**सर्विस ब्रेक, नहीं मिलेगा वेतन**

"युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं किया है वे अनुपस्थित हैं। नियम के हिसाब से इस अवधि को सर्विस ब्रेक माना जाता है। हमने राज्य को अनुपस्थित कार्यदिवस की जानकारी भेज दी है। अनुपस्थित दिवस का वेतन नहीं मिलेगा। -**अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग करने पालकों को किया प्रेरित

### विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की में मेगा पीटीएम बैठक हुई। इसका उद्देश्य पालकों में बच्चों के प्रति जागरूकता, घर में शैक्षिक

- प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की दी जानकारी

वातावरण का निर्माण, शैक्षिक गतिविधि युक्त दिनचर्या, बच्चों का शैक्षिक आंकलन ,बच्चों को बेझिझक बोलने, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जवाहर नवोदय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी ,पास्को एक्ट,गुड व बेड टच की जानकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, विभिन्न डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे दीक्षा ऐप, e जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी, आधार अपडेशन शिविर, अपार आईडी जेनरेशन तथा एक पेड़ मां के नाम संबंधी जानकारी दी गई ।

### उत्साहित हुए पालक

पालकों द्वारा समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई जिससे बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग एवं ध्यान देने उत्साहित दिखे ।

विद्यालय के पीटीएम में प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल, शिक्षक खिलेश्वर साहू, दावेंद्र देशमुख, उमाशंकर नेताम की सहभागिता तथा पालक लोमन सिंह वर्मा, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रूपसिंह साहू, अंजोरी वर्मा, पुष्पा साहू, सोनी वर्मा, गोमती वर्मा, हेमलता साहू, हीरालाल साहू, बिसाहू, पुनीत साहू, फमेश्वर, गिरधर, चिरंज लाल, नीलकंठ, बीसे लाल सरिता यादव आदि उपस्थित रहे ।

# बच्चों को अब खेल, कविता और कहानियों के माध्यम से सीखने का मिल रहा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



धमधा विकासखंड के ग्राम तुमाखुर्द में सरकारी प्राथमिक शाला है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। जहां 19 बच्चे अध्ययनरत

- मामला है ग्राम तुमाखुर्द के सरकारी स्कूल का

हैं। लेकिन शिक्षक के अभाव में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती थी। पहली से पांचवी तक के बच्चों को केवल एक ही शिक्षक पढ़ाते थे। रोज सभी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई नहीं हो पाती थी। रोज पढ़ाई नही होने के कारण बच्चे स्कूल नही जाते थे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने के बाद शिक्षा में गुणवत्ता आई है। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई है। पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों का भी मन लगने लगा है। यह शिक्षा नीति में बदलाव आने के कारण संभव हो पाया है। जहां पहले बच्चों की दर्ज संख्या कम होती थी वहां अब शत-प्रतिशत उपस्थिति रहती है।

पहले स्कूल में एक ही शिक्षक होने के कारण अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही थी, लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूल में आखिरकार एक योग्य शिक्षक की नियुक्ति हुई। स्कूल में बच्चों की चहल-पहल शुरू हो गई। खुशबू भी अब हर सुबह बच्चे स्कूल जाते हैं। वे कहते हैं अब स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। हमे नए-नए खेल सिखाए जाते हैं, कविताएं पढ़ाई जाती हैं और कहानियां सुनाई जाती हैं। नन्हें बच्चों को शिक्षा नीति के माध्यम से न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिली, बल्कि उन्हें एक नई दिशा और अवसर भी मिला। आज स्कूल में 19 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षक का समर्पण और बच्चों की जिज्ञासा ने स्कूल का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। एक समय था जब यह स्कूल वीरान थी, आज वहां बच्चों व शिक्षकों की गुंज सुनाई देती है। बच्चों के अभिभावक संतुष्ट हैं।

# खपरी नहर से छोड़ा गया पानी, 25 गांव के किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर खपरी नहर से किसानों के लिए पानी छोड़ा गया है। विधायक के निर्देश के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पानी की समस्या को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और आज खपरी नहर माइनर से पानी छोड़ा गया है। इससे 25 गांव के किसानों को लाभ होगा और उनकी फसलों को पर्याप्त पानी मिलेगा। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए। इस पहल के लिए किसानों ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही हमारे क्षेत्र की प्रगति की कुंजी है। मैं अपने क्षेत्र के किसानों के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

- विधायक ललित के प्रयासों से किसानों को मिला पानी

### महापौर को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनो ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार के बंगले में पहुंचकर राखी बांधी।

# छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए आवश्यक : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्सलेन्स ग्लोबल स्किल ट्रेनिंग एण्ड डेव्लपमेन्ट आर्गनाइजेशन, नई दिल्ली एवं कौशल विकास सेल के

- वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

तत्वाधान में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजित किया गया। वूमेन एम्पावरमेन्ट ऑन फाइनेंशियल लिट्रेसी- एजुकेशनल मोटिवेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदीप पाण्डे, सेबी, स्मार्ट ट्रेनर ने आर्थिक प्रबंधन के लक्ष्य निर्धारण के रणनीतियों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं के विभिन्न लक्ष्य निर्धारण केवल एक उपयोगी शैक्षणिक उपकरण नहीं है अपितु यह एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। प्रभावी तकनीकों को लागू करके जैसे स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण और सहायक वातावरण छात्राओं को आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करता है, जिसके महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कॅरियर में विभिन्न कौशलों के समावेश एवं प्रशिक्षण के तहत इस आयोजन की महत्ता का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि छात्राओं को अपने वर्तमान वित्तीय स्थिति को समझना, विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्य, प्रासंगिक और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण करना और फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए। जागृत ठाकुर ने वेबीनार का संचालन किया।

## साइंस कॉलेज में आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

# भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज : रिचा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। आदिवासी समुदायों के अधिकार, संस्कृति व उनकी विरासत को संरक्षित करने उन्हें सम्मान दिलाने विश्व भर में आ दि वा सी दिवस मनाया जाता है।

- कॉलेज के चारों हाउस में हुई प्रतिस्पर्धा

इसी तारतम्यता में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस गतिविधि के अंतर्गत विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, विवेकानंद व सुभाषचंद्र बोस हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष मंडावी, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता महाविद्यालय रायपुर थे। उन्होंने बताया कि यह दिवस आदिवासी की सभ्यता, संस्कृति, को याद करने व उन्हें उनके अधिकारों की मान्यता देने वाला है, उन्होंने बताया कि 2025 के विश्व आदिवासी दिवस की प्रमुख थीम आदिवासी लोग व कृत्रिम बुध्दिमता अधिकारों की रक्षा व भविष्य को आकार पर आधारित है। इसके द्वारा उन्हें आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती रिचा ठाकुर थी। उन्होंनें इस तरह के आयोजन को भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने कहा कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के योगदान को उजागर करना उनके अधिकार एवं संरक्षण के महत्व पर जोर देना, अभी भी आदिवासी सभ्यता अपने अस्तित्व एवं जल, जंगल एवं जमीन के लिए कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश तिवारी, प्राध्यापक गणित ने किया। डॉ. तरलोचन कौर, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने अतिथि स्वागत के साथ यह बताया कि इस तरह का आयोजन आदिवासी सभ्यता का सम्मान महाविद्यालय द्वारा उन्नति के अवसर प्रदान करने प्रयास है।





### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समूह नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा छात्र एवं छात्राऐं आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में समूह नृत्य में प्रथम स्थान सुभाषचंद्र बोस समूह, द्वितीय विवेकानंद समूह एवं तृतीय चंद्रशेखर आजाद समूह ने प्राप्त किया। साथ ही आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मेघा वर्मा, द्वितीय स्थान अमित कुमार एवं तृतीय स्थान वासुदेव ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. के पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. मर्सी जॉर्ज विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ. रिचा ठाकुर प्राचार्य संगीत महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश तिवारी एवं लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस के प्रभारी समस्त विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बजरंग दल की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अखंड भारत दिवस 14 अगस्त और विजयादशमी उत्सव तैयारियों की योजनाओं को लेकर बजरंग दल की बैठक हुई। बैठक छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रांत संयोजक के निर्देश पर विभाग संयोजक रवि निगम ने सभी जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों की बैठक महाराणा प्रताप भवन शंकर नगर में ली। जिसमें अखंड भारत उत्सव के मशाल रैली शहीद चौक दुर्ग से पटेल चौक तक पश्चात भारत माता आरती कर कार्यक्रम के समापन की योजना बनाई तथा और अनेक कार्यक्रमों के लिए बजरंग दल के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जिसमें रवि निगम के अलावा संगठन विभाग के ईश्वर गुप्ता, जिला सत्संग प्रमुख इंद्रजीत गोस्वामी, जिला सह मंत्री अपूर्व सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपुर, शहर अध्यक्ष अमित राजपूत, जिला गौसेवा विभाग के ऋषभ जैन, ज्ञानचंद समेत 30 अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में रवि निगम जने आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी उपस्थित बजरंगियों को लक्ष्य दिया।

- बजरंगियों को दिया गया लक्ष्य

## खबर संक्षेप



### जन्म दिन पर पौधे लगाए वर्मा ने

**सेलूद।** पाटन विधानसभा खबरनामा ग्रुप के साथियों ने मिलकर धान खरीदी केंद्र सेलूद मे निर्वतमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के जन्म दिन पर बरगद के पौधे का रोपण किया किया। इस अवसर पर जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पेड पौधे और अन्य प्राकृतिक चीजों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने खबरनामा ग्रुप की पहल को पर्यावरण संरक्षण के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की योगेश भाले, धान खरीदी केन्द्र सेलुद के प्राधिकृत अध्यक्ष टामन लाल साहु, पाटन जनपद के विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम तिवारी, ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे, सुरेन्द्र शर्मा पुर्व मंडल अध्यक्ष, धनराज साहू पुर्व मंडल अध्यक्ष, फत्तेलाल वर्मा जनपद सदस्य, चित्रसेन कलिहारी, केवल देवाँगन ,हरप्रसाद आडिल, केशव बंछोर, महेश्वर बंछोर, देवचरण कौशल, माधव वर्मा, समीर बंछोर, केवल देवाँगन, कृष्ण कुमार साहु, रामलाल साहू, छत्रपाल सिंह राजपूत, बलराम वर्मा और बलराम यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रियंका एनआईटी के लिए चयनित, हर्ष का माहौल



**जामगांव आर।** स्थानीय निवासी विनोद और शीतल राठी की बेटी प्रियंका राठी का चयन एनआईटी रायपुर में हुआ है। गांव में रह कर ऑन लाइन तैयारी कर परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली प्रियंका की इस उपलब्धि से समूचा क्षेत्र गौरवान्वित है। प्रियंका ने बताया कि सतत मेहनत और दादा दादी माता पिता की आशीर्वाद रंग लाई और एनआईटी रायपुर के लिए सलेक्शन हो गया।

## निधन

### घनाराम पुरबिया

**दुर्ग।** डिपरापारा निवासी घनाराम पुरबिया (सोनकर) 71 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अगस्त को सुबह 9 बजे निवास स्थान डिपरापारा से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग के लिए निकलेगी। वे प्रधान आरक्षक मानव कुमार सोनकर, हेमंत सोनकर, प्रचण्ड सोनकर के पिता एवं आपापूरा वार्ड की पूर्व पार्षद रचना सोनकर के ससुर थे।



**तैयारी :** भाजपा की जगह-जगह हो रही बैठकें, कार्यकर्ताओं में उत्साह

# मोर तिरंगा मोर अभियान सफल बनाने कार्यकर्ताओं को दी जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

मोर तिरंगा मोर अभियान को लेकर केंद्र प्रदेश जिला भाजपा के निर्देश पर प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा उतई मंडल की बैठक उतई रेस्ट हाउस में संपन्न हुई।

भाजपा उतई मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने संबोधित करते कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन,बान और शान का प्रतीक है।जैसे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल किया है,वैसे ही हर घर तिरंगा अभियान को भी जन-जन से जोड़ने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे मनोयोग से अभियान में जुट जाएं और इसे एक जनआंदोलन का रूप दें। बैठक में यात्रा की तारीख,मार्ग, व्यवस्थापन,जनसंपर्क अभियान तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर गहन चर्चा की गई।भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और मोर तिरंगा मोर अभिया को लेकर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि होगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भारत की संप्रभुता का प्रतीक भी बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर तिरंगा फहराने के महत्व को समझाएं और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए अपील की। कार्यक्रम का संचालन नगर भाजपा अध्यक्ष पार्षद लक्ष्मीनारायण साहू ने किया। आभार व्यक्त कार्यक्रम संयोजक फलेंद्र सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू,महामंत्री चंदू देवांगन,पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,पार्षद सोनू राजपूत,विमला कामड़े,दानेश्वरी देशमुख,खूबीराम साहू,देवेंद्र भारती,वैभव देवांगन आदि उपस्थित थे।

**आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा लहराएंगे**



### हर घर लहराएंगे कार्यकर्ता, बैठक में तैयारियों की समीक्षा

**अंडा।** भाजपा अण्डा निकुम मंडल दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 की बैठक ग्राम अंडा मे सम्पन्न रखी गई। इस बैठक में ₹मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम तहत कार्यक्रम के प्रभारी शिव चंद्राकार ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 से 15 अगस्त के बीच होना तय हुआ हैं। इस कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा झंडा लगाया जाए। इस अवसर नवनियुक्त सभी मंडल पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के सह प्रभारी शैलेन्द्र शैंडे, दुर्ग जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलंचदन, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य व जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजित चंद्राकार, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, किसान नेता टिकाराम साहू, महामन्त्री एवं कार्यक्रम संयोजक दिलेश्वर गब्बर साहू ,सह संयोजक एवं सह कोषाध्यक्ष विजयालक्ष्मी कन्नौजे ,उपाध्यक्ष अजय चौहान, पवन देवांगन, नूतन निर्मलकर , मंत्री राजेश चंद्राकर, मुरली ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्रीराम निषाद , पूर्व महामंत्री एवं अंडा सोसाइटी के अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर,कार्य मंत्री मुकेश चंद्राकर,मीडिया प्रभारी लोकेश देवांगन, आईटी सेल प्रभारी ढाल सिंह भारती,सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिन्हा और आईटी सेल सह प्रभारी दीप्ति देशमुख प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।



### विद्यार्थियों की उपस्थिति में संस्थाएं करेंगी ध्वजारोहण

**जामगांव आर।** स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने सरपंच रूपेंद्र कुमार शुक्ला ने शासकीय कालेज , सेजस ,सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला पुलिस उपतहसील आरक्षी केंद्र विजन स्कूल,विद्युत विभाग बैंक सहित सभी संस्थाओं की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि जामगांव आर में सेवारत सभी संस्थाएं विद्यार्थियो की उपस्थिति में ही ध्वजारोहण करें। मात्र अपने विभाग के चंद लोग एकत्र होकर ध्वजारोहण संपादित नहीं करें। थानेदार लहरें फागु राम लहरे ने कहा कि सुरक्षा एवं सुव्यवस्था की दृष्टि से संस्थाएं सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि पुलिस आरक्षी केंद्र,जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (कैमरा युक्त) पशुचिकिसालय एवं समीप आंगनबाड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी ध्वजारोहण संपन्न कराएंगे। बैठक में मुकेश कुमार साहू उपसरपंच, रजनीश तिवारी-सहायक प्राध्यापक (कॉलेज) डॉ बी मुखोपाध्याय (पशु चिकित्सक), पूरन लाल बारले (प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर), एमन कुमार पाटकर (सेजस जामगांव आर), ऋचा साहू ( जे ई विद्युत विभाग), बीना वर्मा (विजन पब्लिक स्कूल), हेमपुष्पा ठाकुर. रमेश कुमार साहू, फगनी निर्मलकर, दीपिका जगनायक, मोहनी मस्के, सुनील कुमार चंद्राकर (पंच) और नरेश कुमार महतो (सचिव) की उपस्थिति रही।

# संवैधानिक अधिकारों के हनन का आरोप केंद्र ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

15वें वित्त आयोग की धनराशि के वितरण में भेदभाव के गंभीर आरोपों को देखते हुए केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ सरकार से तत्काल जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह मामला न सिर्फ वित्तीय पारदर्शिता बल्कि संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन से भी जुड़ा है।

- **जनपद पंचायत दुर्ग का मामला**

### केंद्र का सख्त रुख

केंद्रीय मंत्रालय ने इस शिकायत को सीधे छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दिया है। मंत्रालय के अवर सचिव ने पत्र में कहा है कि इस मामले में न केवल त्वरित कार्रवाई की जाए, बल्कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट मंत्रालय को भी भेजी जाए। साथ ही, शिकायतकर्ता ढालेश साहू को भी की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाए। यह पहला मौका है जब 15वें वित्त आयोग की राशि के वितरण पर केंद्र सरकार ने सीधे तौर पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। केंद्रीय हस्तक्षेप के बाद अब राज्य सरकार पर इस संवेदनशील और संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण मामले में पारदर्शी और जवाबदेह कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है।

### क्या है पूरा मामला

यह शिकायत दुर्ग जिले के जनपद पंचायत सदस्य ढालेश साहू ने की है। 8 जुलाई को केंद्र सरकार को भेजे गए अपने पत्र में साहू ने आरोप लगाया था कि राज्य में पंचायतों को आवंटित 15वें वित्त आयोग की राशि का वितरण संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 15 (भेदभाव का निषेध) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई, जिससे कई पात्र पंचायतों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिल पाया।

### नशामुक्त बनाने दिया संदेश




**अंडा।** जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध नशा मुक्ति हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला विनायकपुर में किया गया। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में रैली निकाली, जिसमे रेडक्रॉस तथा स्काउट-गाइड से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। इस दौरान भातेंद्र कुमार गंगराले ने कहा कि नशामुक्त समाज ही एक स्वस्थ, सशक्त एवं खुशहाल राष्ट्र की नींव रखता है। युवाओं को इस दिशा में आगे आकर समाज में बदलाव लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शाला परिवार से सरस्वती उमरे,देवश्री साहू,रोहित देशमुख,शैलेन्द्र साहू,उषा ठाकुर,ममता तिवारी, पूर्णिमा कोसले, मालती साहू,लीना जोशी,मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी आदि उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की जामुल में हुई बैठक




**जामुल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल में प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारी दालेश्वर साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जामुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में संगठन सृजन अभियान के तहत 2 मंडल अध्यक्ष तथा 6 सेक्टर प्रभारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। दुर्गा मंदिर मंडल अध्यक्ष चन्द्र कुमार बर्मन तथा 3 सेक्टर प्रभारी शोभन ठाकुर, ललिता पटेल, आनंद भंडारकर तथा शिवपुरी महामाया मंडल अध्यक्ष गोपी वर्मा तथा तीन सेक्टर प्रभारी तुलसी साहू, ईश्वरी ठाकुर, राहुल पाल का चयन किया गया। बैठक में सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका जामुल, नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा, सरोजनी चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी दालेश्वर साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने किया। बैठक में पार्षद शबीहा करीम खान, पार्षद दुर्गा वैष्णव, वरिष्ठ कांग्रेसी मधुसूदन हिरवानी, मीनेश ताम्रकार, महामंत्री युवराज वैष्णव, टोनू देवांगन आदि उपस्थित थे।

# करियर बनाने स्कूली बच्चों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट झीट में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। देशभर के सभी संस्थानों और फील्ड यूनिट्स में एक साथ आयोजित इस ओपन स्कूल डे आउटरिच प्रोग्राम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बायोमेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना और उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक शोध से रूबरू कराना था। कार्यक्रम में गवर्नमेंट हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल, झीट की प्रिंसिपल भारती दुबे, टीचर तृप्ति वर्मा, पुष्पा विधियां, गौतम चंद्राकर, विजय वर्मा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यार्थियों को दो बैचों में विभाजित कर विद्यार्थियों को रिसर्च लैब्स का दौरा कराया गया और अत्याधुनिक मशीनों, उपकरणों एवं शोध तकनीकों से परिचित करवाया गया। डायरेक्टर जनरल, डॉ. राजीव बहल ने एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश के माध्यम से छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की आवश्यकता, उद्देश्य और इसके प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला।

एमआरएचआरयू के नोडल ऑफिसर डॉ. रविन्द्र और को-नोडल ऑफिसर डॉ. निशांत सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तीन पोस्टर्स एवं वीडियो प्रेजेंटेशन दिखाए गए, जिनमें कोविड टेस्टिंग में की भूमिका, की कहानी, ड्रोन डिलीवरी सिस्टम और टीबी उन्मूलन में योगदान जैसे विषय शामिल थे। विद्यार्थियों ने शोधकर्ताओं से खुलकर सवाल पूछे।

## अंचल की खबरें

### विनायकपुर स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर के प्राचार्य मंजीत सिंग राजपूत के निर्देश में रेड क्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी एंव मीनाक्षी नेताम के नेतृत्व में रेडक्रॉस व स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स ने एक अनोखी पहल की। जिसमें सभी ने स्कूल परिसर में पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और पेड़ों को कटने से बचाया जा सकेगा। विद्यार्थियों ने पेड़ों को राखी बांधते हुए कहा, ₹पेड़ हमारे जीवनदाता हैं, उनकी रक्षा हमारी जिम्मेदारी है।₹ इस कार्यक्रम मे भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे,रोहित देशमुख,देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू,मालती साहू,पूर्णिमा कोशले,ममता तिवारी,लीना जोशी,,गुलशन चंद्राकर,तरुण साहू,देवशीष पिपरिया उपस्थित रहे।

### कुथरेल सचिव के स्थानांतरण पर दी विदाई



**अंडा।** ग्राम पंचायत कुथरेल सचिव कमल नारायण साहू का स्थानांतरण होने पर पंचायत द्वारा उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में सरपंच गीता गजपाल, उपसरपंच लोकनाथ साहू,जनपद सदस्य लोमश चंद्राकर, पूर्व सरपंच राजश्री चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य टीकाराम साहू, प्रदीप कुमार चंद्राकर पटवारी , सतीशवर दीवान, पूर्व सचिव पोषण लाल साहू, ग्राम पंचायत कुथरेल के नये सचिव रूपेश सिंह, आर. एच. ओ. संजय सिंह, चिम्मनलाल चंद्राकर, अग्राहिज निर्मलकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन ग्राम पंचायत के समस्त पंच गण, डॉ जितेन्द्र कुमार साहू, एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सचिव कमलनारायण साहू को श्रीफल और साल प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सरपंच गीता गजपाल ने सचिव के 16 सालो की कार्यो की सराहना की। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। कमलनारायण साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कुथरेल में किया गया कार्य हमेशा याद रहेगा। उन्होंने सभी के सम्मान और सहयोग के लिए आभार जताया।

### बच्चों को दिए टाई- बेल्ट, वृक्षों को बांधा रक्षासूत्र



**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना के प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार ने स्वयं से पहल करते हुए बच्चों को निःशुल्क टाई बेल्ट और रिबन का वितरण किया। इस अवसर पर सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेतन वर्मा, उपसरपंच माधुरी मंडावी, शिक्षाविद् एम एल चंद्रवंशी एवं सदस्यगण की उपस्थिति रही। इस दौरान रक्षाबंधन पर्व के तहत छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं नन्हे सहपाठियों की कलाई पर प्यार और भाईचारे का रक्षा सूत्र बांधा। उक्त कार्यक्रम में दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, चंद्रशेखर वर्मा, राधिका कुर्रे, चित्ररेखा कुर्रे, सीता मानिकपुरी, देवकी यादव, दुर्गा यादव,सत्यवती मारकंडे और कृष्णा यादव की उपस्थिति रही।

### नगर सेवा में चयनित हुईं बालिकाएं



**अंडा।** लक्ष्य मैदान अंडा मिनी स्टेडियम में निरंतर प्रशिक्षण लेने वाली तीन बालिकायों का चयन नगर सेवा छत्तीसगढ़ दुर्ग जोन में हुआ है। इनमें रश्मि धीवर ग्राम अछोटी, धनेश्वरी ठाकुर ग्राम कुथरेल और खेमा देशमुख ग्राम चंगोरी से शामिल हैं। इनके चयन पर भारत यादव , खिलेंद चंद्राकर, सभापति जनपद सदस्य दुर्ग लोमस चंद्राकर , ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप कुमार चंद्राकर,युवराज देशमुख ,गुलशन दिल्लीवार,राहुल देशमुख, दीपेश देशमुख, डिलेश साहू, खिलेंद धीवर और बंटी चंद्राकर सहित अन्य ने हर्ष जताते हुए तीनों को शुभकामनाएं दी है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**धमधा में मेगा पालक बैठक का हुआ आयोजन**

# शिक्षा विभाग की योजनाओं से अवगत हुए पालक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

- **बैठक में पालकों को शैक्षणिक जानकारी भी दी गई**





शासकीय प्राथमिक शाला परसकोल संकुल केन्द्र रौन्दा विकास खंड धमधा में मेगा पालक शिक्षक बैठक में जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग से जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पांडे शामिल हुए। उन्होंने शासन द्वारा चलने वाली विभिन्न योजनाओं को बताया व जनसमुदाय को शाला से जुड़ने प्रेरित किया।संकुल प्रभारी सी एल चंदेल ने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजे व समय समय पर शाला आकर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी लें। संकुल समन्वयक चित्रेन कुमार पटेल ने जाति प्रमाण पत्र की जानकारी, आधार अपडेट व अपार आई डी,नेवता भोजन, किचन गार्डन, एक पेड़ मां के नाम,जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा,एफ एल एन आंकलन और बच्चों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पालको ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डी एम सी दुर्ग सुरेन्द्र पांडे, सरपंच प्रतिनिधि देवकुमार वर्मा, उपसरपंच लुकेश्वर साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष छनेन्द्र यादव, ज़ोन प्रभारी केशव पटेल, संकुल प्रभारी सी एल चंदेल, प्रधान पाठक चित्रेन कुमार पटेल, शिक्षक लोकेश कुमार बर्मन, योगेश कुमार पटेल, कुलेश्वर साहू, सफाई कर्मचारी हरीश सोनवानी, रसोईया विनय कुमार बघेल, पंच प्रकाश व गंगाराम कुर्रे, दादुल राम यादव, संतोष कुमार वर्मा, भुनेश्वरी पटेल,चमेली सोनवानी, डोमन साहू, कल्याण पटेल, गैंदराम जोशी ,डाक्टर सी एल बर्मन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी पाल और सहायिका सीता बर्मन सहित शाला प्रबंध समिति के सदस्यगण व पालकगण जनप्रतिनिधि शिक्षक व छात्र शामिल हुए।

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

03

चैन की नींद मिलेगी वास्तु के इन उपायों से

## लाइव इवेंट

### रक्षाबंधन पर मनाया मोक्ष कल्याणक दिवस, राखी स्पर्धा में दिखा उत्साह



**भिलाई।** जैन समाज द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजन रक्षाबंधन के अवसर पर किया गया था। प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नेहरू नगर जैन मंदिर के प्रांगण में समाज के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक रक्षाबंधन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें मंदिर के रक्षा सूत्र को सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बांधा।

इस अवसर पर अक्षयमति माताजी ने जैन समाज के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन जैन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के ही दिन 700 मुनियों के ऊपर आए संकट को दूर करते हुए उन्हें इस संकट से सुरक्षित निकाला गया था। आज के दिन ही हमारे तीर्थंकर श्रेयांश भगवान का मोक्ष हुआ था इसके लिए हम मोक्ष कल्याणक दिवस के रूप में भी आज के दिवस को मानते हैं। नेहरू नगर जैन मंदिर में विधान एवं हवन का कार्यक्रम रखा गया। इस इस विधान और हवन के कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्त उपस्थित हुए। इस दिन सभी के घरों में चावल और दुध की खीर बनाई गई। माताजी की आहार चर्या कैलाश बीना जैन के घर हुआ। जिसमें प्रथम अर्पिता आलोक जैन, द्वितीय प्राची जैन, तृतीय अंकित क्षितिज जैन, चौथा पुरस्कार जागृति ग्रुप और पांचवा अभिव्यक्ति ग्रुप को दिया गया। साथ ही प्रोत्साहन पुरस्कार डॉ मुस्कान जैन को प्राप्त हुआ। प्रथम तीन पुरस्कार विजेताओं को 1500, 1000 और 500 की नगद राशि चेलना मनित जैन द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज के संयोजक जिनेद्र जैन, क्षितिज जैन, मनित जैन, रमेश नाहर, दिनेश गौरव जैन, विनय सिंघई, सचिन स्वप्निल जैनम, चन्द्र कांत, संदीप विध्याश्री, भागचंद पाटनी, रविन्द्र कैलाश सिंघई, वन्दना, अंकिता सहित समाज के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## लाइव इवेंट

### महिला प्रकोष्ठ करेगी महिलाओं को संगठित, सेन समाज अध्यक्ष बनी अंजू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व नाई सेन समाज भिलाई नगर में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। जिसमें समाज के भिलाई नगर अध्यक्ष नीलकंठ श्रीवास और महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी शांडिल्य उमरे की अनुमति से भिलाई नगर महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई। जिसमें द्रौपदी सेन को प्रभारी, अंजू श्रीवास को अध्यक्ष, भारती श्रीवास को सचिव और किरण कौशिक को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ के गठन के लिए सेनजी चौक नेहरू नगर भिलाई में बैठक हुई। प्रकोष्ठ गठन को लेकर समाज की महिलाओं में भारी उत्साह रहा। महिलाओं ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पदाधिकारियों ने समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए जवाबदारी के साथ जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया। महिला प्रकोष्ठ की सरंक्षक आशा उमरे ने पदाधिकारियों को संगठित होकर काम करने की बात कही। प्रभारी द्रौपदी सेन और अध्यक्ष अंजू श्रीवास ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज ने उन्हें दी है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगी। कार्यकारिणी का जल्द विस्तार कर भिलाई में समाज की महिलाओं को संगठित करने के लिए वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगी। इस अवसर पर समाज के भिलाई नगर अध्यक्ष नीलकंठ श्रीवास समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण सेन, वरिष्ठ संरक्षक घनश्याम उमरे, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष विजय सेन, सेलून संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष सेन, सेलून संघ भिलाई के अध्यक्ष यदेश्वर सेन, सेलून संघ भिलाई के पूर्व अध्यक्ष रोमन सेन, उपाध्यक्ष चेतन लाल सेन, महामंत्री युवराज सेन, कोषाध्यक्ष राजू सेन , संगठन सचिव भोजराज सेन, धनंजय प्रसाद सेन, ललित सेन आदि मौजूद थे।

### एक पेड़ मां के नाम पूरब मंडल ने रोपा पौधा

**भिलाई।** प्रधानमंत्री के आह्वान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पूरब मंडल सेक्टर-2, रामभद्र सेवा मंडल उद्यान में संपन्न हुआ। जिसमें जिला के महामंत्री एवं संयोजक विजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, मंडल महामंत्री एमपी सिंह, उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह, बृजेश मिश्रा, सरोज पाहिद, मंडल मंत्री शीतल सिंह डिंपी, मंडल मंत्री सीमा देवी, मंडल कोषाध्यक्ष मनोज साव, सह कोषाध्यक्ष रायडू, श्रीनिवास राव, प्रदेश पिछड़ा वर्ग मंत्री तुलसी साहू, मीडिया प्रभारी अजय कन्नौजे, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत क्षीरसागर, पार्षद ईश्वरी नेताम, पूर्व पार्षद निर्मला नायडू, पूर्व पार्षद पीसी श्रीनिवास, वरिष्ठ जन गब्बर यादव, सुभाष पटेल, सुभाष महाराणा, सुरेश नायडू मंडल के ऊर्जावान साथी योगेश सिंह, लोकेश राव, प्रमोद मिश्रा, दिनेश हिरवानी, राजेश साहू एवं अन्य उपस्थित रहे ।



● सावन-भादो तीज सेलिब्रेशन में दिखा उत्साह, महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

# नृत्य नाटिका में बताया कांवड़ यात्रा का महत्व, सावन गीतों से सजी महफिल, इंद्रधनुषीय प्रस्तुतियों पर किया एंजाय

नमो नमो जय शंकरा पर काँवड़ यात्रा के महत्व को दर्शाती नृत्य-नाटिका, सावन आया बादल छाये गीत पर आकर्षक नृत्य सहित बरखा रानी के गीतों से सजी महफिल ने सभी का मन मोह लिया। इंद्रधनुषीय वातावरण में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने खूब तालिया बटोरी। अवसर था सावन-भादौं तीज सेलिब्रेशन का।ट्विनसिटी में घरेलू महिलाओं को प्रोत्साहित करने जगह-जगह तीज सेलिब्रेशन और सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ओजस महिला समिति रिसाली भिलाई के तत्वावधान में सावन महोत्सव सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। प्रगति भवन सिविक सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सदस्याओं ने शिव-पार्वती विवाह की थीम पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।





### डांस और गीतों की सजी महफिल

रंग-बिरंगी साड़ी व लहंगे में महिलाओं ने इंद्रधनुषीय वातावरण में शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।नमो नमो जय शंकरा गीत पर संजू शुक्ला ने ग्रुप ने डांस किया। वहीं काँवड़ यात्रा करते हुए प्राची सिंह व अर्चना सर्राफ़ ने नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी। अजंली बीसेन ग्रुप ने सावन आया बादल छाये गाने पर डांस किया। पुष्पा त्रिपाठी और दिव्या सिंह ने धमाकेदार डांस किया। अल्का शर्मा ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। दुर्गा अधिकारी ने देहदान के बारे में कविता पाठ और ललिता सिंह ने स्वागत भाषण दिया। आधार ब्यक्त सुनीता सिंह ने किया।

**भिलाई।** शिव परिवार की आराधना थीम पर सावन महोत्सव के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।सावन महोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ नाचते-झूमते मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, पूर्व पार्षद उपासना साहू, शिव शक्ति समिति अध्यक्ष नीता चौरसिया, छत्तीसगढ़ी कुर्मी समाज अध्यक्ष अनीता वर्मा, सुनंदा चंद्राकर, मंजू सावंता उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक सोनाली सेन, किरन सिंह और संस्कृती वर्मा ने विजेताओं के नाम घोषित किये।

### तीज सेलिब्रेशन से परंपरा व संस्कृति को बढ़ावा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सभी को सावन और भादौ तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हमारी संस्कृती को बढ़ावा मिलता हैं और आने वाली पीढ़ी को सीखने का मौका भी मिलता हैं।



### तीज क्वीन बनी अर्चना

सावन महोत्सव के दौरान सभी महिलाओं ने कैट वॉक किया। इंट्रोडक्शन और प्रश्न उत्तर राउंड के बाद निर्णायकों द्वारा विजेताओं के नाम घोषित किये गए। सावन सेलिब्रेशन में तीज क्वीन का खिताब अर्चना सर्राफ़ को दिया गया। फर्स्ट रनरअप स्मिता साहा, सेंकेड रनरअप प्राची सिंह रही। ओल्ड इज गोल्ड सीमा तिवारी, अर्चना बांजड और नीलू ठाकुर को टैग दिया गया। बेस्ट कैट वॉक दिव्या सिंह, बेस्ट स्माईल सरिता निषाद, ऑवर ऑल प्रीती त्रिपाठी, बेस्ट कॉस्ट्यूम पुष्पा त्रिपाठी, बेस्ट हेयर स्टाइल अनीमा सिंह को मिला। प्रतियोगिता में तीज क्वीन का ताज रजनी बघेल द्वारा पहनाया गया।सावन महोत्सव में विभिन्न मनोरंजक गेम्स खेले गये। जिसमें अतिथियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन माया बेनर्जी ने किया।

## सावन की पूर्णिमा पर बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना





**भिलाई।** सावन मास की पूर्णिमा के अवसर पर कैंप 1 भगवान बालमुकुंदेश्वर महादेव का पूजन अर्चन करके एक मास तक निरंतर भगवान शिव की पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान महाप्रसाद का वितरण किया गया। सावन मास के पूर्णिमा के अवसर पर काफी संख्या में भक्त शामिल होकर हवन किया। हनुमान मंदिर कैम्प 1 भिलाई में आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी के द्वारा पिछले 40 वर्षों से सावन के प्रत्येक दिन रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना, हवन और प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान रहा।

## महिलाओं के साहसिक सोलो ट्रिप को दिया बढ़ावा, अल्पा को मिला स्वयंसिद्धा सम्मान



**भिलाई।** विवाहित महिलाओं की संस्था स्वयंसिद्धा ने मुंबई की अल्पा दागली को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित किया। अल्पा ने अंटार्कटिका की चुनौती पूर्ण यात्रा पूरी की और महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। उन्हें अपने लक्ष्य की ओर चलते रहने के लिए प्रेरित किया गया। अल्पा ने आज तक बहुत सी चुनौतीपूर्ण यात्राएं की है और महिलाओं के साहसिक सोलो ट्रिप को बढ़ावा दिया है। शारीरिक अस्वस्थता, पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक, मानसिक, सामाजिक मोर्चों पर अपनी योग्यता साबित कर उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की। संस्था की प्रमुख डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने घुमक्कड़ी दिल से राष्ट्रीय यात्रा ग्रुप के मीट पर माथेरान, महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रीफल, शॉल, मान पत्र व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। संदीप चक्रवर्ती, हेमांग दागली के साथ छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा, जयपुर, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से आए अनेक सदस्य उपस्थित थे।

क्वालीफाई टीमें 15 अगस्त को भिड़ेंगी फाइनल में

## महानदी-इंद्रावती के बीच हुआ फर्स्ट लीग फुटबॉल मैच ड्रॉ, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

कार्नर न्यूज



भिलाई। तालपुरी बी ब्लॉक में रविवार को रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में महानदी और इंद्रावती के बीच हुआ फर्स्ट लीग फुटबॉल मैच ड्रॉ हो गया। दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन-तीन गोल दागे। सभी गोल मैदानी रहे। मैच का परिणाम निर्धारित करने के लिए न तो अतिरिक्त समय दिया गया और न ही पैनल्टी शूट आउट दिया गया। श्री चतुर्भुज मेमोरियल के सहयोग से अंडर 13 बालक वर्ग के लिए हुए मैच में महानदी टीम पीली जर्सी में जबकि इंद्रावती टीम सफेद जर्सी में थी। संयोजक ओपी मिश्र ने बताया कि 15 अगस्त को सेकंड लीग मैच होगा और इसी दिन क्वालीफाई कर चुकी टीमें फाइनल में भिड़ेंगी।



### दोनों टीमों के हुए तीन-तीन गोल

इस रोमांचक मैच में महानदी के अथर्व गढ़ेवाल ने सभी तीन गोल दागे, वहीं इंद्रावती के कप्तान अंशुमान पाढ़ी, फजल तथा विनय कुमार ने एक-एक गोल बनाया। फर्स्ट हॉफ में इंद्रावती ने दो गोल बनाए, जबकि जवाब में महानदी सिर्फ एक ही गोल बना पाई। लेकिन महानदी ने सेकंड हॉफ में वापसी करते हुए दो गोल बनाकर अपना बदला ले लिया। उधर इंद्रावती इस हॉफ में अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाई, उसे एक गोल बनाने में ही कामयाबी मिली। अंत तक दूसरा गोल बनाने के लिए वह तरस गई। दोनों टीमों के तीन-तीन गोल होने से मैच बराबरी पर छूटा।

### खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

महानदी की ओर से यश प्रजापति की कप्तानी में मोक्ष वर्मा, अथर्व गढ़ेवाल, नीतकर्ष गोंडनाले, भानुप्रताप सिंह, काव्यांश वर्मा, आदित्य सिंह, आदि, आरव गजभिये, नैतिक खरे तथा अनुराग ने अपना दमखम दिखाया, दूसरी ओर इंद्रावती की ओर से अंशुमान पाढ़ी की कप्तानी में विनय कुमार, अंश नवरंगे, अमन, ए विहान नायडु, केएस करण कुमार, सूरज, वेदार्थ पालवल्सा, रेयान सिंह, निमित रॉय तथा फजल ने मोर्चा संभाला। इंटरनेशनल फुटबॉल रेफरी आरडी साव के द्वारा खेले गए इस मैच में संजीव दास रेफरी और अमल दास व महेश विश्वकर्मा ने लाइन मैन की भूमिका निभाई। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, नलिन नीरज, डॉ. अरुण साहू, हरीश बैतुले, जोगाराव, अश्वनी शुक्ला तथा आर एस कन्नोजिया मौजूद रहे।



## एजुकेशन इवेंट

# भिलाई की बेटी को सिडनी में मिला बीटा गामा सिग्मा अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**भिलाई।** हर माता-पिता का सपना होता है कि बच्चे उनका नाम रोशन करें तथा एक मुकाम हासिल करें। यह कारनामा आज ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय की पुत्री ने कर दिखाया है। सात समुंदर पार भिलाई सहित दुर्ग जिले का रोशन की ईशा सिंह ने। अपनी मेहनत और लगन के बलबूते पर बीटा गामा सिग्मा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुई है। यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी में प्रदान किया जाएगा।



सिडनी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत भारतीय छात्रा इशिका सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें कॉलेजिएट बिजनेस स्कूलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सम्मान संस्था बीटा गामा सिग्मा की सदस्यता के लिए चुना गया है। बीटा गामा सिग्मा एक ऐसी संस्था है जो व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सदस्यता प्रदान करती है। यह सदस्यता केवल उन छात्रों को मिलती है जो अपने बैच के टॉप 10% में आते हैं और जिन्होंने शिक्षा, नेतृत्व व नैतिक मूल्यों में उच्च मानक स्थापित किए हों। इशिका सिंह का चयन, सिडनी विश्वविद्यालय में उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, समर्पण और नेतृत्व क्षमताओं के आधार पर किया गया है। इसके सदस्य विश्वविद्यालयों और बिजनेस स्कूलों के सर्वश्रेष्ठ छात्र होते हैं। इशिका सिंह को यह सम्मान 29 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। बीटा गामा सिग्मा के भारत में 8000 सदस्य हैं वही वैश्विक स्तर पर 9 लाख सदस्य हैं। वहीं यह सर्टिफिकेट उन छात्रों को दिया जाता है। जिन्होंने मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूलों से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है। भिलाई ट्रक टेलर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव मलकित सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, शिक्षक,डॉक्टर, वकील सहित परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने इशिका के इस सफलता पर बधाई दी है। यह सम्मान भी इशिका के मेहनत, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर ही मिल पाया है।

■ इशिका ने अपने नेतृत्व क्षमता का मनवाया लोहा

## सिटी इवेंट

# मितानिन संघ की सदस्यों ने सांसद को बांधी राखी, अपनी मांगों का सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर की पदाधिकारी और कार्यकर्ता महिलाओं ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर राखी बांधी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी ने अपने विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौपा। संघ के द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है। सदस्यों ने बताया कि 29 जुलाई को राज्य स्तरीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया और 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू किया गया है। भाजपा ने चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में मितानिनो के संबंध में विभिन्न वादा किया था अब उसे पूरा करने की मांग की जा रही है। संघ के द्वारा मुख्य रूप से एनजीओ के साथ ठेकेदारी प्रथा से मुक्त करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन और क्षतिपूर्ति भत्ता में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की मुख्य रूप से मांग की जा रही है। मुलाकात करने वालों में ब्लॉक समन्यक नारायण सिंह चंद्राकर, मितानिन प्रशिक्षक तरुण बाला चंद्राकर, प्रीति सोनवानी, फूलबाई साहू, सुमन वर्मा, शशिकला साहू और मितानिन गुलायची वर्मा, रमशिला साहू तथा हेमपुष्पा साहू शामिल थे।

## सिटी इवेंट

# प्लेट मिल ने महिलाओं के लिए कराया सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग द्वारा मिल्स ज़ोन–3 के मानव संसाधन विभाग के सहयोग से को महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने महिला मजदूरों को जागरुक किया

सहायक प्रबंधक तन्मयी मारेपल्ली ने मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर मनोवैज्ञानिक सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा प्रावधानित श्रम कानूनों पर विचार व्यक्त किए। सहायक प्रबंधक दीपक पार्या ने औद्योगिक कार्यस्थलों में आवश्यक भौतिक सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए सुरक्षा परिधान, पीपीई का सही उपयोग, जहरीली गैसों से सुरक्षा, संयंत्र परिसर में गति सीमा का व सुरक्षा की जानकार दी। जीएम सी. पद्मनाभन, महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी सुधाकर व हेमंत बहुरूपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

● हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा नशा मुक्ति के लिए समाज को पोस्टर व स्लोगन से दिया संदेश

# बच्चे और युवा मोबाइल के एडिक्ट, नुक्कड़ नाटक में दिखाया नशामुक्त समाज का निर्माण, निकाली गई जागरुकता रैली

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ और स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग के द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध नशा मुक्ति के लिए विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूल तथा महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउड गाईड के विद्यार्थियों सहित अधिकारी, कर्मचारी सहित 400 से अधिक संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया। रैली के बाद अलग-अलग महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से बच्चों और को मोबाइल रुपी नशे सहित अन्य सभी प्रकार के नशे से मुक्त रहने का संदेश लोगो तक पहुंचाया। यह आयोजन नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस जागरूकता रैली के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग के ज्वाइन डायरेक्टर के आर. एल ठाकुर और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे।



### जागरुकता रैली में 4 सौ से अधिक लोग हुए शामिल

इसके बाद कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्रों को जागरूकता रैली के लिए रवाना किया। नशा मुक्ति जागरूकता रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कार्यक्रम अधिकारी एवं विद्यालयों के शिक्षक सहित लगभग 400 से अधिक लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र चौहान, क्रीड़ा विभाग निदेशक, डॉ. दिनेश नामदेव, सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार और डॉ. बी गोपाल कृष्ण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर साइंस कॉलेज दुर्ग, एम.जे कॉलेज भिलाई तथा घनश्याम सिंह कन्या महाविद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति के लिए नारे, स्लोगन तथा गीतों से पूरे नगर को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली मालवीय नगर चौक दुर्ग से प्रारंभ होकर राजेंद्र पार्क चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंची। विद्यार्थियों ने रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी जो कि उपस्थित आमजनमानस को प्रेरित एवं प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।




### युवा देश का भविष्य, उनका स्वस्थ रहना देश के विकास के लिए जरूरी

राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउड गाईड के विद्यार्थियों द्वारा सभी अतिथियों का एन.एस.एस. बैज और तिलक लगाकर तथा रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन, मन, धन के लिए नशा मुक्त समाज बहुत आवश्यक है, आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग नशे में लिप्त है। नशा मुक्ति जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति स्वस्थ एवं खुशहाल जीवनयापन कर सके। हमारा युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में है, युवा देश का भविष्य होते हैं और उनका स्वस्थ रहना देश के विकास के लिए आवश्यक है। हमें घर-घर यह संदेश पहुंचाना होगा कि यदि अपने घर परिवार, समाज और राष्ट्र को बचाना हैं तो नशा मुक्ति के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी प्रकार के नशे से विद्यार्थी दूर रहें तथा मोबाइल रूपी नशे से दूर रहने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक आर. एल. ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। संबोधन के बाद कुलपति, प्रोफेसर संजय तिवारी द्वारा भी अधिकारियों और छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलायी गई।

## ब्रजमंडल भिलाई में 16 को जन्माष्टमी

# वृंदावन के कलाकारों देंगे आकर्षक प्रस्तुति आधी रात होगा भगवान कृष्ण का जन्म



**भिलाई।** जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन को लेकर ब्रजमंडल कार्यकारिणी, ब्रजमंडल सखियां महिला समिति और कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति की संयुक्त बैठक गीताभवन सेक्टर -6 परिसर में हुई।

अध्यक्षता राकेश कुमार यदुवंशी ने की। जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी भादों मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 16 अगस्त को मनाई जाएगी। इसी तिथि को मध्य रात्रि रोहणी नक्षत्र पर ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। महासचिव सूरज मंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रजमंडल भिलाई द्वारा इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव मनाने का 60 वां वर्ष है।

इस अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर गीताभवन में सुबह 7 बजे भगवान कृष्ण के बालस्वरुप लड्डू गोपाल का महाभिषेक पं. सरजू प्रसाद द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर किया जाएगा। 10 बजे 11 आमंत्रित संस्कृत विद्वानों एवं पंडितों द्वारा भागवत गीता पाठ और गोविंद दामोदर स्त्रोत का सस्वर लयबद्ध पाठ किया जाएगा। अतिथि द्वारा सुंदर बालकृष्ण की लीलाओं से संबंधित महारास लीला झांकी का अनावरण किया जाएगा। 3 बजे से महिला भजन मंडली द्वारा कृष्ण भक्ति गीत व भजनों का कार्यक्रम होगा। शाम को 7 बजे आरती होगी। इस दौरान ब्रजमंडल की वार्षिक स्मारिका-2025 का विमोचन होगा। 8 बजे से रात 11.30 बजे तक सांस्कृतिक संध्या में मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक रासलीला व भक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगा। संस्था के बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य नाटिकाओं का मंचन भी किया जाएगा। रात 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म के बाद मथुरा से गोकुल तक की यात्रा का प्रसंग लाइट एंड साउंड शो द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर दर्शनार्थियों के लिए दिनभर राधा कृष्ण मंदिर में प्रभु दर्शन एवं झांकी दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। बैठक में संस्था के गिरीश गुप्ता, अतवीर सिंह राघव, भावना तोमर, महिला समिति की चित्रा राघव, मनीषा गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, मोनिका मंगला, शशि प्रभा वर्मा, अनुराधा मंगल, इंदिरा, विरेन्द्र शर्मा, प्रदीप वर्मा, शील राघव, राज वर्मा, दिलीप वर्मा, कुलदीप सिंह तोमर, अखिलेश त्रिपाठी, हरीश गुहे, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश गुप्ता, राजेश्वर अस्थाना, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आयोजन

# श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की झांकी करेगी आकर्षित




**भिलाई।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 10 से 17 अगस्त तक रोज शाम साढ़े 6 से साढ़े 9 बजे तक सेक्टर-7, सड़क-2 स्थित पीस ऑडिटोरियम में भव्य एवं आकर्षक झांकी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करावनहार की शक्ति और विनम्रता का दिव्य दर्शन प्रस्तुत किया जाएगा।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से सुसज्जित, लाइट एंड साउंड के माध्यम से जीवंत होने वाली, पानी के झरनों एवं नदियों के मध्य गोकुल गांव एवं द्वारिका नगरी की मनोहारी झांकी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। झांकी में विभिन्न कर्तव्यों और आध्यात्मिक रहस्यों को स्पष्ट, सरल एवं सहज रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे जीवन में उच्च धारणाओं को अपनाने की प्रेरणा मिल सके। यह आयोजन सभी के लिए पूरी तरह से निशुल्क रखा गया है और सभी नागरिकों को सपरिवार पहुंच कर इस अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव का लाभ उठाने के लिए ब्रम्हकुमारीज ने अपील की है।

**लाइट एंड साउंड शो 17 तक**

## आम्बेडकर भवन सेक्टर-6 में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

कार्नर न्यूज

# जल, जंगल, जमीन के अंधाधुंध दोहन से मानव जीवन को खतरा, प्रकृति के साथ विकास करेंगे तो रहेंगे सुखी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन भिलाई के तत्वावधान में डॉ आम्बेडकर सेक्टर-6 में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी सत्ता संपादक आर शाह ने महापुरुषों के मूर्तियों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियां बहुत विकट है, हमें अपने जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए जागरूक होकर एक साथ संघर्ष करना होगा। इन संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव जीवन को ही खतरे में डाल सकता है। हम सब आदिवासी प्रकृति प्रेमी हैं। यदि हम प्रकृति के साथ विकास करेंगे तो मानव जीवन सुखी रहेगा, यदि हम प्रकृति के विपरीत विकास का मार्ग विनाश की ओर ले जायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि आज हम विश्व आदिवासी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन कर यह संदेश देने में सफल हुए है कि हम सब एक है और अपने एससी-एस टी वर्गों के सभी समुदायों को शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक और आत्म सम्मान के लिये जागरूक रहना होगा। यह एक ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पर्व है इस पर्व के माध्यम से सर्व आदिवासी समाज को संगठित होने का अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान दिनेश नेताम, घनेश्वर सिंह धुर्वे, डॉ. कृपाराम ठाकुर, पी आर उइके, चंद्रकला तारम, अश्लेष मरावी, श्याम लाल नेगी, बहादुर जयसवारा, सविता मेश्राम, रेशमा आनंद ने भी अपने विचार व्यक्त किये।




### प्रतिभावान हुए सम्मानित

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 10 हज़ार मी दौड़ 2025 में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए द्वितीय स्थान पाने वाले भागवत नेताम और 5 हज़ार मी. दौड़ वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए द्वितीय स्थान पाने वाले सुरेश कुमार का एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों कोयतूर महिला स्वसहायता समूह, गोंडवाना साहित्य एवं सांस्कृतिक विंग रिसाली, स्वंय सारथी बहुउद्देशीय समिति भिलाई, सतनामी कल्याण आश्रम दुर्ग, तथागत समाज कल्याण समिति, भिलाई को सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।



### कलाकारों ने दी प्रस्तुति



इस अवसर पर उदय महाविद्यालय जामुल भिलाई में आदिवासी संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। गोंडवाना साहित्य एवं सांस्कृतिक विंग रिसाली के लोक कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाजों में गीत प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एसोसिएशन के चेतन लाल राणा, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कुमार भारद्वाज, शशांक प्रसाद, विजय कुमार रात्रे, परमेश्वर कुर्रे, अनिल कुमार खेलवार, नरेश चंद्र, संत ज्ञानेश्वर गायकवाड, कालीदास बघेल, उत्तम मंडावी, संजय कुमार, कुजलाल ठाकुर, यशवंत नेताम, एम एम राय, धस्मपाल, जीतेन्द्र कुमार भारती, धरम पाल, हेमन्त भुआर्य सहित काफी संख्या में लोग के उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीसीए के संजीत को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दिलीप ट्रॉफी में मौका



**भिलाई।** बीसीसीआई द्वारा दिलीप ट्रॉफी के लिए सेंट्रल जोन टीम की घोषणा की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के लेफ्ट हेंडर आयुष पांडे एवं मिडिल ऑर्डर बैट्समैन संजीत देसाई का चयन उनके घरेलू क्रिकेट मे छत्तीसगढ़ की टीम की ओर से खेलते हुए लगातार अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

संजीत देसाई भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के खिलाड़ी है जिन्होंने रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एवं सी के नायडू ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी 2024-2025 में 11 इनिंग में 693 रन बनाए। जिसमें 3 सेंचुरी और तीन हाफ सेंचुरी थी। विजय हजारे ट्रॉफी (एकदिवसीय) 2024- 25 सत्र में 5 इनिंग में 203 रन जिसमें एक सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी रणजी ट्रॉफी के 2023 -2024 सत्र में 8 इनिंग में 431 रन बनाएं। जिसमें एक डबल सेंचुरी और दो हाफ सेंचुरी थी। विजय हजारे ट्रॉफी के 2023 2024 सत्र में तीन इनिंग में 136 रन बनाएं,जिसमें उच्चतम स्कोर73 रन था। उन्होंने सीके नायडू ट्रॉफी के 2022 - 2023 सत्र में 9 इनिंग्स में 695 रन बनाएं जिसमें पांच इनिंगमें चार शतक लगाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (2023- 2024) सत्र में उन्होंने कुल 144 रन बनाएं। मेंसअंडर- 25 स्टेट ए ट्रॉफी के सात इनिंग में 372 रन बनाएं. जिसमें एक शतक और दो अर्ध शतक थे। सेंट्रल जोन अंडर- 14 की राज सिंह डुंगरपुर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ टीम के कप्तान थे। अंडर 16 की विजय मर्चेंट ट्रॉफी ( 2012-13) में छत्तीसगढ़ टीम के उप कप्तान थे। चार मैच में 248 रन बनाएं एवं 8 विकेट लिए अंडर 16 की विजय मर्चेंट ट्रॉफी (2013-14) मैं छत्तीसगढ़ टीम के कप्तान चार मैच में 308 रन बनाएं एवं 10 विकेट लिए बीसीसीआई की कुच बेहार ट्रॉफी अंडर-19 मैं छत्तीसगढ़ टीम के कप्तान रहे। जिन्होंने 6 मैच में 450 रन बनाएं। संजीत देसाई के दिलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल जोन टीम का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयन होने पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमेन, अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सचिव, एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिसंघ के उपाध्यक्ष तथा भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के समस्त एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी।

### स्टेट चैंपियनशिप में रायपुर नेटबॉल टीम को तीसरा स्थान



**रायपुर।** जांजगीर में आयोजित 1st सीनियर फ़ास्ट फाइव स्टेट लेवल नेटबॉल चैंपियनशिप में रायपुर जिला महिला नेटबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला नेटबॉल एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिए। यह जानकारी जिला सचिव अनूप यदु ने दी।

### सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो में छात्रों ने जीते पदक



**रायपुर।** सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप राजनांदगाव संस्कार सिटी स्कूल में आयोजित की गई। जिसमे भाटापारा के 20 खिलाड़ियों को पदक प्राप्त हुआ। आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजस्थान में आयोजित है। जिसमे 15 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर में हुआ है। इनमें पी अभिषेक, झरना साहू, वंश यदु, सक्षम साहू, आरोही मानिकपुरी, चिंकी रात्रे, कुशल साहू, पुष्कर वर्मा, डॉली साहू, कान्हा शर्मा, याचिका देवांगन, वर्तिका साहू, चित्रांशी साहू, अखिल जंगड़े, दीप्ती निषाद, भावेश बाघमार, मचल जैन, नितेश साहू, विनय केवट, मानस केशरवानी शामिल है।

इस अवसर पर प्रदेश उपध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, प्रदेश जुडो संघ के अध्यक्ष अरुण विवेदी, सचिव संभूराम सोनी, हैप्कीडो के संरक्षक कैलाश बलानी, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ विकास अडील, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, जिला संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, सचिव पी किरन, सहसचिव अभय केशरवानी, संघ के सदस्य राहुल शर्मा, कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू, सीनियर खिलाड़ी अनपूर्णा देवांगन, संदीप रात्रे, बलराम यादव ने बधाई दी है।

## नमी से भरे मौसम में संक्रमण की बढ़ जाती है आशंका

# बारिश के इस मौसम में बच्चों में दिख रहे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकती है समस्याएं

बारिश के इस मौसम में कब्ज की समस्या सबसे ज्यादा बच्चों को होती है, क्योंकि वे अक्सर पोषण से भरपूर आहार से दूर भागते हैं और बाहर की चीजों का ज्यादा सेवन करते हैं। अक्सर लोगों को लगता है कब्ज बड़ों की बीमारी है लेकिन ऐसा है नहीं, छोटे बच्चों का जब पेट साफ नहीं होता, आंतों में खाना चिपक जाता है और पेट फूलने भी लगता है, तब उसे कब्ज की दिक्कत होती है। इसके पीछे कोई उम्र या एक कारण नहीं है। पेट या लिवर की समस्या, पानी कम पीना, अस्वस्थ भोजन करना, तली हुई चीजों का सेवन या फिर मैदा या जंक फूड पेट में जल्दी हजम नहीं हो पाते। ऐसे में वे अंदर की गंदगी बनकर जमा होने लगते हैं और फिर स्टूल पास करने में दिक्कत होती है। कई बच्चों की पाचन शक्ति बचपन से ही कमजोर होती है, इस वजह से भी यह परेशानी आती है। इसके अलावा कई और कारण भी इसमें शामिल हो सकते हैं, आजकल बच्चों को पढ़ाई का स्ट्रेस बहुत ज्यादा है, ऐसे में बाहर खेल कूद और एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं मिलता और यह बीमारी पनपने लगती है। इसमें पेट में दर्द, पेट टाइट रहता है। स्टूल पास नहीं होता। सिर में दर्द, बदहजमी, पैरों में दर्द और पेट में गैस या एसिडिटी बनी रहती है।



### उपाय भी जान लें

अगर आप बच्चे को रोजाना गुनगुने दूध में एक केला मिलाकर दें तो उसका पेट साफ रहेगा। इसके अलावा दूध में हल्दी या शहद डालकर बच्चे को पिलाया जाए तो भी उसका पेट साफ होगा और स्टूल भी आसानी से हो जाएगा। बच्चों को सुबह या फिर दोपहर के भोजन में एक कटोरी भरकर सलाद या फल जरूर खिलाएं।

ओट्स, मिलेटस की रोटियां, सूप, ईसबगोल आदि खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, इसलिए इनको बच्चों के आहार में अवश्य शामिल करें। आप रोजाना सुबह भीगी अंजीर या बादाम भी दूध में मिलाकर या फिर ऐसे ही बच्चे को दे सकती हैं। चाहें तो अंजीर को उबाल कर भी दे सकती हैं। इससे कब्ज में राहत मिलती है। जानकारों के अनुसार, बच्चों को रात में त्रिफला का चूर्ण पानी के साथ देने से भी उनका पेट साफ होता है और पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है।

### कुछ बातों का खास ख्याल

व्यायाम करने से पाचन में मदद मिलती है और बिना किसी दिक्कत के पेट आसानी से साफ होता है। बच्चे के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक कोई फिजिकल एक्टिविटी या एक्सरसाइज करना जरूरी है। आप वॉकिंग, खेलना, योग, दौड़ना, डांस या एरोबिक्स आदि करा सकती हैं। दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से बच्चे को थोड़ा दूर रखें। मैदा, बाहर की चीजें, तेल, पिज्जा बर्गर, ये सारी चीजें आंतों में चिपक जाती हैं, इसलिए बच्चे के आहार को इनसे मुक्त रखें। बच्चों को खाने में ज्यादा फैट न दें, विटामिन युक्त भोजन ही दें। अगर लंबे समय तक यह समस्या बनी रहती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### घी या तेल की मालिश

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रमाकांत द्विवेदी कहते हैं, जिन बच्चों की जठराग्नि बचपन से ही मंद होती है, उनकी पाचन क्रिया धीमी होती है और मल त्याग करने में दिक्कत आती है। अगर ऐसा है तो इस में घी या तेल की मालिश बहुत ही कारगर है, पेट या नाभि के आस-पास क्लॉक वाइज मालिश करने से आंतें खुलती हैं और स्टूल ढीला होता है, इसके अलावा गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने को दे सकती हैं और इसमें सिकाई भी बहुत काम आती है। कई बार बच्चे ज्यादा कुछ करना या खाना नहीं चाहते, ऐसे में पेरेंट्स को ही उसके उपाय करने होते हैं।





## चैन की नींद मिलेगी वास्तु के इन उपायों से

वास्तु की मानें तो हम जिस वातावरण में सोते हैं वह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तु के प्रमुख पहलुओं में से एक यह है कि आप सोते समय कुछ वस्तुएं अपने आस-पास या सिरहाने न रखें।

### सोते समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पास न रखें

वास्तु-अनुरूप बेडरूम का माहौल बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उस स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रबंधन करना है। स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट विद्युत चुम्बकीय विकिरण उत्सर्जित करते हैं, जो आपकी नींद के पैटर्न को बाधित कर सकते हैं और आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार इन उपकरणों को सोने वाले स्थान से दूर रखना चाहिए। इन गैजेट्स द्वारा उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र आपके घर में वास्तु दोष का कारण माना जाता है।

### सोते समय किताबें और जरूरी कागजात न रखें पास



हम अक्सर किताबें पढ़ते हुए सो जाते हैं और ये हमारे सोने के स्थान पर रखी रहती हैं। यदि हम वास्तु की मानें तो आपको किताबें कभी सोने वाले स्थान के आस-पास नहीं रखनी चाहिए। यही नहीं आपको कोई भी जरूरी कागज़ जैसे कोई बिल या फिर ऐसा कोई कागज़ जिसमें आपके काम का कोई भी नोट लिखा हो उसे आस-पास नहीं रखना चाहिए। इससे वास्तु दोष होता है। इससे आपकी नींद में बाधा आती है और बौद्धिक विकास में भी बाधा आती है।

### सोते समय नुकीली चीजें न रखें आस-पास

आपको कभी भी सोने के स्थान पर कैंची, चाकू और अन्य नुकीली चीजें नहीं रखनी चाहिए। वास्तु शास्त्र इन वस्तुओं को नकारात्मक ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में देखता है जो आपके जीवन में तनाव और चिंता पैदा कर सकते हैं। अपने बिस्तर के पास नुकीली वस्तुएं रखना प्रतीकात्मक रूप से आपके जीवन में संभावित संघर्षों या बाधाओं का प्रतिनिधित्व कर सकता है। वास्तु की मानें तो नुकीली वस्तुओं की उपस्थिति बेचैनी की भावना पैदा कर सकती है, जो सोने से पहले मन की शांतिपूर्ण स्थिति प्राप्त करने के लिए प्रतिकूल है।

### पैसे या पैसों से भरा पर्स न रखें आस-पास

ऐसा माना जाता है कि सोते समय आपको अपने पास पैसे भी नहीं रखने चाहिए और पर्स रखने से भी बचना चाहिए। दरअसल पैसों को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है और यदि आप इन्हें सोने के स्थान पर रखते हैं तो ये माता लक्ष्मी का अपमान होता है। इससे आपके जीवन में आर्थिक समस्याएं हो सकती हैं और धन हानि हो सकती है। वास्तु शास्त्र में आमतौर पर अपने बिस्तर के पास पैसे, गहने या अन्य कीमती सामान रखने को भी मना किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसी वस्तुएं पास में रखने से वित्तीय चिंताएं या तनाव बढ़ सकता है।



## तनाव दूर करने के मददगार होगी चिन्मय मुद्रा



यूं तो हम सभी हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहना चाहते हैं। लेकिन, फिर भी न चाहते हुए, तनाव कहीं न कहीं से आकर हमें घेर लेता है। आपको एक ऐसी मुद्रा के बारे जानना चाहिए, तो तनाव दूर करने के साथ, शरीर को अन्य कई फायदे भी पहुंचाती है। इसे करने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी योगा टीचर दिलराज प्रीत कौर दे रही हैं।

### तनाव को कम करने के लिए

इसे करने के लिए सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं।आप इसे वज्रासन में बैठकर भी कर सकती हैं। अब अपने अंगूठे की टिप से इंडेक्स फिंगर की टिप को छुएं।इससे एक सर्किल बनेगा। बाकी तीन उंगलियों को हथेली की तरफ मोड़ें।हाथों को जांघों पर टिका लें।ऐसा करते हुए, गहरी सांस लें और छोड़ें।

### चिन्मय मुद्रा को करने के फायदे

इसे करने से फोकस में सुधार होता है। यह मुद्रा, लाइफ एनर्जी यानी प्राण के प्रवाह को शरीर की तरफ बढ़ाती है। इससे फोकस और मेंटल हेल्थ में सुधार होता है। इसे करने से दिमाग शांत होता है, एंग्जायटी और स्ट्रेस दूर होता है। इसे करने से कमजोरी दूर होती है और शरीर में एनर्जी बढ़ती है। इस मुद्रा को करने से आपको मन में शांति महसूस होती है और मेडिटेशन करना आसान होता है। इसे करने सेडाइजेशन सुधरताहै और न्यूट्रिएंट्स का अब्जॉर्बशन अच्छा होता है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह मुद्रा शरीर को पांचों तत्वों को बैलेंस करने में मदद करती है। जिन लोगों को नींद आने में मुश्किल होती है, उन्हें इसे जरूर करना चाहिए।



## घर में पाञ्चजन्य शंख रखने का जानें नियम



पाञ्चजन्य शंख को विजय, शक्ति और धर्म का प्रतीक माना जाता है। यह सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है। अब ऐसे में पाञ्चजन्य शंख को घर में रखा जा सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं?

हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है। पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार शंख को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में रखें। इससे व्यक्ति को वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए अगर आप घर में पाञ्चजन्य शंख को रख रहे हैं, तो विधिवत रूप से पूजा-पाठ करने के बाद ही रखें।

### पाञ्चजन्य शंख का महत्व क्या है?

पाञ्चजन्य शंख को घर में रखने से वास्तु दोष से छुटकारा मिल जाता है। वहीं इस शंख को बजाने से व्यक्ति के घर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही पारिवारिक कलह-क्लेश से भी मुक्ति मिल जाती है। पाञ्चजन्य शंख को भगवान विष्णु का चिह्न बताया गया है। इसलिए ऐसी मान्यता है कि इसे घर में रखने से व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है। इसके साथ-साथ माता लक्ष्मी की कृपा भी बरसती है। साथ ही आर्थिक तंगी से भी छुटकारा मिल जाता है। इसलिए पाञ्चजन्य शंख को घर में रख रहे हैं, तो उसकी विधिवत पूजा करने के बाद ही रखें।

कार्नर न्यूज

## महीने के आखिरी में बजट से बाहर खर्च होना आमबात, बदलना आसान

# चाहकर भी नहीं कर पा रहे बचत तो बदलाव के लिए अपनाएं कुछ तरीके, होगा सुधार

सेविंग्स करना आज के समय काफी ज्यादा जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले है कि आप कैसे आसानी से सेविंग्स कर सकती हैं। सेविंग्स करना आज के समय में हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन कई बार यह मुश्किल हो जाता है। चाहे आपको कितनी भी कोशिश करनी पड़े, लेकिन आप महीने के अंत में अपने बजट से बाहर निकल जाते हैं। अगर आप भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो चिंता न करें। यहां हम आपको कुछ मजेदार तरीका बताने वाले हैं जिसकी मदद से आप आसानी से सेविंग्स कर सकती हैं।

### वीक सेविंग चैलेंज

वीक सेविंग चैलेंज आपको लेना चाहिए। इसके लिए आपको टारगेट बनाना होगा कि आपको एक वीक में कितना पैसा खर्च करना है। अपने टारगेट के अनुसार ही आपको पैसे खर्च करने होंगे। ऐसे में आप काफी पैसे बचा सकती है। वीक में अगर आपने 500 रुपये का टारगेट लिया है तो आपको उतने में ही एक सप्ताह चलाना होगा। इससे आपके काफी पैसे बच सकते हैं।



### बजट बनाएं और खर्च करें

आपको बजट बनाना होगा कि हर महीने कितने पैसे राशन के लिए निकालना है और कितने पैसा बचाना है। अगर आप यह फोलो करती हैं तो ही आप अपने पैसे बचा सकती हैं। कई बार हम ऐसी चीजों पर खर्च कर देते हैं जिसकी जरूरत नहीं होती है। ऐसा नहीं करना चाहिए ऐसा करने से आपके काफी पैसे बर्बाद हो सकते हैं।

### क्रेडिट कार्ड का ना करें इस्तेमाल

क्रेडिट कार्ड का अगर आप भी करती है इस्तेमाल तो आपको इसकी आदत नहीं लगाना चाहिए। कई लोग क्रेडिट कार्ड के बदौलत काफी खरीदारी कर लेते हैं लेकिन बाद में वह सही समय पर पैसे नहीं चुका पाते हैं। ऐसे में क्रेडिट कार्ड कंपनी आपसे काफी पैसे वसूलती हैं। अगर आपको सेविंग्स करनी है तो आपको क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

### तय लक्ष्य का ध्यान रखें

आप अपनी आय के हिसाब से बचत का एक लक्ष्य तय करें। एक निश्चित रकम बचाते जाएं। आप बीच-बीच में इस बात का ध्यान रखें कि आप तय लक्ष्य से भटक तो नहीं रहे।

### सादा जिंदगी

जिंदगी को सादा तरीके से जीकर भी हम अच्छी बचत कर सकते हैं। आपकी सोच यह होनी चाहिए कि एक पैसा बचाना भी एक पैसा कमाने के समान है। जरूरत को समझों और फिजूलखर्ची रोकें।

### छोटी शुरूआत

बचत करने के लिए आपको एकदम से बहुत ज्यादा बचाने के बजाय छोटी सी शुरुआत करनी चाहिए। छोटी-छोटी यह बचत आगे चलकर एक बड़ी बचत के रूप में आपके सामने आएगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मीट द पैरेंट्स' का चौथा पार्ट करेंगे 81 बरस के रॉबर्ट डी नीरो, नया टाइटल भी आया सामने



हॉलीवुड की एक फ्रैंचाइज फिल्म 'मीट द पैरेंट्स' का चौथा पार्ट नए नाम से बनेगा। इसका ऑफिशियल टाइटल भी तय हो चुका है। इस फिल्म में 81 साल के दिग्गज एक्टर रॉबर्ट डी नीरो नजर आएंगे। हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म 'मीट द पैरेंट्स' के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर 'मीट द पैरेंट्स' फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ' रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था। 'फॉकर इन-लॉ' फिल्म 25 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वैरायटी की खबर के अनुसार नई फिल्म का टाइटल बेन स्टिलर के किरदार ग्रेग फॉकर के सरनेम पर रखा गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी यह जानकारी इंस्टाग्राम पर भी साझा की है। फिल्म 'फॉकर इन लॉ' को जेन रोसेन्थल और डी नीरो ने अपने प्रोडक्शन बैनर ट्रिबेका प्रोडक्शंस तले बना रहे हैं। नई फिल्म में सिंगर, एक्ट्रेस एरियाना ग्रांडे भी हैं। वह 'फॉकर इन लॉ' का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर की बात करें तो वह 'मीट द पैरेंट्स' सीरीज की पिछली दोनों फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। फिल्म 'मीट द पेरेंट्स' फ्रैंचाइज़ी की शुरुआत 2000 में हुई थी, जिसके बाद 2004 और 2010 में 'मीट द फॉकर्सर और 'लिटिल फॉकर्स' टाइटल से दो और फिल्में रिलीज हुईं।

### टॉलीवुड

## श्रीलंकन तमिल समर्थक पार्टी की नाराजगी पर सफाई जारी की 'किंगडम' के मेकर्स ने



विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं बल्कि श्रीलंकन तमिल से जुड़े एक विवाद के कारण चर्चा में है। इस पूरे विवाद पर मेकर्स ने अपना पक्ष भी रखा है। साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की हालिया रिलीज फिल्म 'किंगडम' बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ा कलेक्शन नहीं कर पा रही। लेकिन यह फिल्म एक विवाद में उलझती नजर आ रही है। फिल्म 'किंगडम' पर श्रीलंकन तमिलों का अपमान करने का आरोप लग रहा है। इस मामले में फिल्म के मेकर्स की सफाई भी सामने आई है। विजय देवरकोंडा स्टारर फिल्म 'किंगडम' के मेकर्स ने श्रीलंकन तमिल के अपमान वाली बात को लेकर अपना पक्ष रखा है। फिल्म को बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस सितारा एंटरटेनमेंट ने कहा, 'हम तमिल लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं। हम वादा करते हैं कि फिल्म में ऐसा कोई भी सीन नहीं है जो लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता हो। यह कहानी पूरी तरह से एक काल्पनिक कहानी है। इसका जिक्र फिल्म के डिस्क्लेमर में भी किया गया है।' मेकर्स आगे कहते हैं, 'अगर फिर भी लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, तो हमें इस बात के लिए खेद है। हम आपसे रिक्वेस्ट करते हैं कि फिल्म को सपोर्ट करें।' तमिल काची यानी एनटीके (एक तमिल समर्थक पार्टी ) के कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु के मदुरै और त्रिची के थिएटर के बाहर 'किंगडम' फिल्म को लेकर प्रोटेस्ट किया। फिल्म को बैन करने की मांग की। इस पार्टी के सचिव सरवनन का कहना है, 'यह फिल्म लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) के फाइटर्स और ईजाम तमिलों का अपमान करती है। फिल्म में हिस्ट्री को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश की गई है।

### भोजपुरी

## 'लालू जी की लव स्टोरी' का ट्रेलर जारी, 20 लाख का लालच देकर ले आए घर की लक्ष्मी




भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर और प्रोड्यूसर यश कुमार दर्शकों को फिर से एंटरटेन करने के लिए आ रहे हैं। उनकी फिल्म 'लालू जी की लव स्टोरी' का धमाकेदार ट्रेलर आया है, जिसमें थोड़ा रोमांस है, थोड़ा फन और थोड़ा रोना-धोना। इस फिल्म के जरिए वह समाज को एक मैसेज देने की कोशिश भी कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को भी खूब पसंद आ रहा है। भोजपुरी फिल्म 'लालू जी की लव स्टोरी' के ट्रेलर में यश कुमार के अपोजिट निधि झा हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसे इंसान पर फिल्माई गई है, जिसके गंजेपन के कारण शादी नहीं हो पा रही। उसे जो लड़की पसंद करती, उसके घरवाले रिश्ते के लिए राजी नहीं होते। इसके बाद हीरो की मां की तबीयत खराब हो जाती है और वह बेटे की शादी देखने की इच्छा जताती है। जिसके बाद हीरो एक स्कीम निकालता है। यश कुमार फिल्म के हीरो हैं। मूवी में शादी के लिए वह ऑफर रखते हैं कि जो लड़की उनसे शादी करेगी, उसे एक साल के लिए 20 लाख रुपये मिलेंगे। इसके लिए एक लड़का अपनी गर्लफ्रेंड को मना लेता है। वह पैसों के खातिर राजी हो जाती है। मगर ससुरालवालों के साथ रहकर उसे अपनापन महसूस होता है और वह हीरो को पसंद करने लगती है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलता है, जो यश कुमार ने किया है। इस मूवी में निधि और यश के अलावा, विजय चौहान, प्रियंका सिंह, स्निग्धा सरकार और खुशबू जैन जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

## अहमदाबाद का जलवा




हाई-प्रोफाइल बीआरडीएस अहमदाबाद फैशन वीक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां बेहतरीन भारतीय, पश्चिमी, पहनने योग्य और अत्याधुनिक परिधानों को रैंप पर प्रदर्शित किया गया। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शी लोबो द्वारा निर्देशित इस दो दिवसीय शओ में 5000 से ज़्यादा लोगों ने भाग लिया और 250 से ज़्यादा डिज़ाइनरों, 50 से ज़्यादा प्रभावशाली लोगों, 40 से ज़्यादा फैशन शो, 36 से ज़्यादा सुपरमॉडल्स और 12 से ज़्यादा बाल मॉडलों ने हिस्सा लिया।

# वैक्सिंग करने के बाद करें ये काम

हाथ-पैरों से बाल निकलवा देने के बाद त्वचा मुलायम लगने लगती है। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि वैक्सिंग के चंद ही दिनों में त्वचा की चमक खोने लगती है। अगर आप जरा-सी गलती करें, तो आपका पूरा एक्सपीरियंस खराब हो सकता है। वैक्सिंग के बाद, त्वचा का ख्याल रखने से ही वो जवां नजर आएगी और निखार दिखेगा। अधिकांश महिलाएं वैक्सिंग के बाद त्वचा की देखभाल नहीं करती हैं और इसी के चलते रैशेज, ड्राईनेस, वैक्सिंग बंप्स आदि नजर आने लगते हैं। सेलिब्रिटी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चित्रा आनंद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वैक्सिंग आफ्टर केयर के बारे में बताती हैं। उनके मुताबिक, वैक्सिंग के बाद, त्वचा का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए। अगर आप स्किन को किसी तरह के डिस्कम्फर्ट से बचाना चाहती हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए। अच्छे लोशन लगाने से लेकर सही कपड़े पहनने तक वैक्सिंग के बाद आपको अन्य किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, आइए जानें।

### वैक्सिंग के बाद माइल्ड क्लींजर से करें त्वचा को साफ

वैक्सिंग के बाद त्वचा में थोड़ी-सी खुजली होना सामान्य है। क्या आप स्किन को स्क्रैच करने लगती हैं? या बार-बार गंदे हाथों से हाथ-पैरों को छूती हैं? ऐसा बिल्कुल न करें। वैक्सिंग के बाद किसी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा एक माइल्ड, फ्रैगरेंस फ्री क्लींजर से त्वचा को साफ करें और त्वचा पर यदि वैक्स छूट गई है, तो उसे साफ करें।

### वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें



फिटेड कपड़े पहनना गलत नहीं है, बस आपको वैक्सिंग के बाद टाइट और फिटेड कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे आपकी त्वचा पर फ्रिक्शन होगा और हाथ या पैर में जलन या रैशेज पड़ सकते हैं। वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें। इससे त्वचा को सांस लेने में मदद मिलेगी और डिस्कम्फर्ट या अक्सर होने वाली इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी। असुविधाजनक घर्षण और जलन से बचने के लिए वैक्स के बाद कुछ दिनों के लिए बैगी यानी ढीले कपड़े ही पहनें।


### वैक्सिंग के बाद ठंडे पानी से नहाएं

हॉट बाथ लेना या स्टीम रूम में बैठना आपको भी अच्छा लगता होगा। मगर एक चीज का ध्यान रखें कि वैक्सिंग के बाद हॉट बाथ नहीं लेना चाहिए। गर्म पानी से त्वचा में जलन पैदा हो सकती है। वैक्सिंग के तुरंत बाद ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से त्वचा को साफ करें। इससे जलन कम होगी और त्वचा को आराम मिलेगा।

# फुल घेरे वाले सूट डिजाइन लुक में लगाएंगे चार चांद



लगभग हर एक दिन हम सूट पहनना पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस भी आपको कई मिल जाएंगे। वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की बात करें तो आजकल एक्सपेरिमेंटल फैशन का दौर चल रहा है, जिसे हम जैसे कई लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। दौर की बात करें तो आजकल फुल घेरे वाले सूट को काफी पसंद किय जा रहा है। अगर आप भी अपने सूट लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो हम आपको दिखाने वाले हैं फुल घेरे वाले सूट के लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप रोजाना से लेकर किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### नायरा कट सूट डिजाइन

मार्केट में आजकल इस तरह के नायरा कट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इस सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 800 रुपये से लेकर 1500 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए वेवी ओपन हेयर स्टाइल चुनें और पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### अनारकली स्टाइल सूट डिजाइन

अनारकली सूट का चलन एवरग्रीन रहता है। इस कलीदार सूट को डिजाइनर ड्रेज़ी रिद्धि सूरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए आप स्लीक बन हेयर स्टाइल या ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

# अगर चाहिए मेहंदी का गाढ़ा रंग तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

अब बाजार में रेडीमेड मेहंदी के कोन उपलब्ध रहते हैं, जिसे कुछ रुपये में खरीद कर मेहंदी लगाई जा सकती है। इस कोन को खरीदना तो आसान है लेकिन इससे कई बार मेहंदी का रंग ज्यादा अच्छा नहीं चढ़ता। मेहंदी का डार्क रंग लाना चाहती हैं तो कोशिश करें कि मेहंदी को घर पर घोलकर तैयार करें। इसके साथ ही आप मेहंदी के रंग को गाढ़ा करने के लिए दादी-नानी के बताए गए घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं।

### चायपत्ती के पानी का करें इस्तेमाल

अगर आपकी मेहंदी घोलने जा रही हैं तो उसे सादे पानी सी बजाए चाय पत्ती के पानी में घोलें। इससे मेहंदी का रंग काफी डार्क आएगा। इसके लिए आपको पिसी हुई मेहंदी कम दामों में बाजार में मिल जाएगी।

### नींबू का रस

मेहंदी का रंग डार्क करने के लिए मेहंदी घोलते वक्त ही इसमें 3 से 4 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इससे भी मेहंदी के रंग में बदलाव आएगा।



### विक्स

अगर आपकी मेहंदी का रंग डार्क नहीं होता है तो आप विक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले मेहंदी को हाथों मे लगा लें। जब इसे छुड़ाएं तो कुछ देर के लिए विक्स को हाथों में लगाएं। विक्स लगाने के पहले हाथों को गीला ना करें।

### लौंग

मेहंदी सूखने के बाद एक तवे पर लौंग डालें और जब इससे धुआं निकलने लगे तो इस धुएं से हाथ सेकें। इससे आपकी मेहंदी का रंग गाढ़ा हो जाएगा।
सरसों का तेल

# घर पर केराटिन करके बचाएं हजारों रुपये, जानें इसका सही

शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिन्हें काले, मजबूत और शाइनी बाल पसंद नहीं होंगे लेकिन बढ़ते प्रदूषण की वजह से बाल काफी डल और डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में इन बालों को नेचुरल तरह से खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं कई तरह के हेयर ट्रीटमेंट लेती हैं, इन ट्रीटमेंट में केराटिन भी शामिल है। ये एक ऐसा ट्रीटमेंट ही, जिसको कराने से बालों की नेचुरल खूबसूरती बरकरार रहती है। हालांकि इसे कराने में हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। जी हां, केराटिन ट्रीटमेंट में बालों की लंबाई के अनुसार पैसे लगते हैं। इसकी शुरुआत ही 4 हजार से होती है। ऐसे मे अगर आपका केराटिन कराने का मन है, लेकिन आपके पास पैसे नहीं हैं तो ये लेख आपके लिए है। दरअसल, आज के लेख में हम आपको घर पर ही केराटिन करना सिखाएंगे, ताकि आपको घर पर ही पार्लर जैसा रिज्लट मिल जाए। घर पर केराटिन करने में आपका समय और पैसा दोनों बचेंगे।

### क्या होता है केराटिन ट्रीटमेंट

आपको बता दें कि जब बालों में प्रोटीन की मात्रा खत्म



होने लगती है, और उस वजह से बाल डैमेज होने लगते हैं तो महिलाएं केराटिन ट्रीटमेंट कराती हैं। इस ट्रीटमेंट में बालों पर एक क्रीम की लेयर लगाई जाती है, जिसे बालों पर अच्छे से लगाया जाता है। इस ट्रीटमेंट के बाद बालों में साधारण शैंपू इस्तेमाल नहीं किया जाता। इस ट्रीटमेंट को आप घर पर भी कर सकते हैं। आइए आपको इसका तरीका बताते हैं। केराटिन मास्क बनाने के लिए सबसे पहले से एक चौथाई कटोरी एलोवेरा जेल लें। इसमें एक चौथाई कटोरी उबले चावल, चार से पांच चम्मच दही, एक विटामिन ई कैप्सुल और एक चम्मच जैतून के तेल मिलाकर इनकी पेस्ट बना लें। ये आपका मास्क तैयार है।

## कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में बालों का लुक भी रखता है अहमियत

# बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए। इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।

### नुकसान के लिए रही तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।
टच अप हो जाता है जरूरी
रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है। नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो



आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.

### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।

### हीट ट्रीटमेंट से रहें दूर

रिबॉन्डिंग के बाद आपको किसी भी तरह के हीट ट्रीटमेंट से दूर रहना होगा। अगर आप ड्रायर या स्ट्रेटनर इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें बंद करना होगा, क्योंकि इससे बालों को ज्यादा नुकसान होगा।

